राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक
पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य
सम्मान्य संचालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर;
ऑनरेरि मेम्बर ऑफ जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटी, जर्मनी;
निवृत्त सम्मान्य नियामक (ऑनरेरि डायरेक्टर),
भारतीय विद्याभवन, बम्बई; प्रधान सम्पादक,
सिंघी जैन ग्रन्थमाला, इत्यादि

ग्रन्थाङ्क ७४

सायांजी झूला कृत

रुकमणी - हरण

प्रकाशक
राजस्थान राज्याज्ञानुसार
संचालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर (राजस्थान)

सायांजी झूला कृत

रुषमणी - हरण

सम्पादक

श्री पुरुषोत्तमलाल मेनारिया
एम ए., साहित्यरत्न

प्रकाशनकर्ता
राजस्थान राज्याज्ञानुसार
सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०२१
प्रथमावृत्ति १०००

भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८८६

खिस्ताब्द १९६४
मूल्य– ३.५० न.पै.

मुद्रक– श्री हरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर ।

विषयानुक्रमणिका

सञ्चालकीय वक्तव्य

अनेक प्रतिभावान कवियो की ख्याति अपनी प्रादेशिक सीमाओं को पार कर पडौसी प्रदेशो मे पहुँच जाती है और उनकी रचनाओं का प्रभाव भी सम्बन्धित प्रदेशो के जन-मानस पर स्थाई हो जाता है। अनेक चारण कवियो का महत्त्व राजस्थान, गुजरात और मध्य भारत मे समान रूप से है तथा इनको रचनाए जनता द्वारा नित्य पाठ में सम्मिलित हो चुकी है। ऐसे कवियों में महात्मा सायांजी अग्रगण्य हैं। सन्त सायांजी के चमत्कारपूर्ण कार्यो के विषय मे कतिपय जनश्रुतिया भी प्रचलित हो गई है और इनका रचित काव्य "नागदमण" हमारी जनता मे नित्यपाठ का ग्रन्थ हो चुका है।

सन्त कवि सायाजी कृत "नागदमण" के अतिरिक्त इनकी अपर काव्य-कृति "रुक्मिणी-हरण" साहित्यिक इतिहास-ग्रन्थो मे बहुचर्चित रही है। प्रसन्नता का विषय है कि अब रुक्मिणी-हरण का सस्करण विभिन्न पाठान्तरो सहित सुसम्पादित रूप मे "राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला" के माध्यम से सुविज्ञ पाठको के हाथो मे पहुँच रहा है।

रुक्मिणी-हरण के अनेक अंश काव्यात्मक चमत्कार से पूर्ण हैं। मार्मिक उक्तियो, मौलिक कल्पनाओ और प्रसङ्गानुकूल अलङ्कृत शब्दो की योजना भी यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होती है। कवि ने युद्ध-वर्णन मे विशेष रुचि प्रदर्शित की है। काव्यगत विस्तृत युद्ध-वर्णन से प्रकट होता है कि कवि को युद्ध का प्रत्यक्ष अनुभव था। "हरण" का युद्ध-वर्णन मध्यकालीन भारतीय युद्ध-प्रणाली के एक प्रतिनिधि विवरण के रूप मे लिखित है।

सम्पादक ने रुक्मिणी-हरण के सम्पादन मे प्राप्य विभिन्न प्रतियों के पाठान्तर विधिपूर्वक पूर्ण रूप में दिये हैं। साथ ही शब्दार्थ, टिप्प-

णियो और सुविस्तृत परिचयात्मक भूमिका के लेखन मे भी सम्पादक ने पर्याप्त अध्ययन और श्रम किया है जिससे यह प्रकाशन पाठकों के लिये विशेष उपयोगी और रुचिकर हो गया है।

प्रस्तुत प्रकाशन के व्यय का अर्द्धांश भारत सरकार के वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मन्त्रालय की ओर से आधुनिक भारतीय भाषा-विकास-योजना—राजस्थानी के अन्तर्गत प्रदान किया गया है तदर्थ हम हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
जोधपुर ता० ३० मार्च, १९६४ ई०

मुनि जिनविजय
सम्मान्य सञ्चालक

सम्पादकीय प्रस्तावना

भगवान श्रीकृष्ण के पावन चरित्र मे चन्द-खिलौना लेने की बाल-हठ; माखन-चोरी का बाल-चापल्य; रास-लीला की रसिकता, वशी-वादन और ग्वाल-नृत्य का कला-प्रेम, कुँज-विहार का शृगार; गोप-लीलाओ का माधुर्य; शकटासुर, वत्सासुर, अघासुर, धेनुक, प्रलम्बासुर, बकासुर और कस आदि को मारने की वीरता, श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान, महाभारत-युद्ध की नीतिज्ञता तथा राजसी ऐश्वर्य आदि लौकिक एव अलौकिक तत्त्व हैं जिनके कारण अनेक कवि-कोविद और कलाकार युग-युगान्तर से प्रभावित होते रहे है। श्रीकृष्ण पूर्णब्रह्म, परमेश्वर और सच्चिदानन्द होते हुए भी मानवी रूप धारण कर विभिन्न लीलाओ का प्रसार करने वाले हैं, आजीवन गृहस्थ-रूप मे रहते हुए भी योगेश्वर हैं और देवराज इन्द्र, जरासध तथा शिशुपालादि को पराजित करने मे समर्थ होते हुए भी नीतिवश रणछोड हैं। ऐसे श्रीकृष्ण की समकक्षता में कोई अन्य चरित्र नही प्रस्तुत किया जा सकता जिसमे सर्वाङ्गीण प्रभाव से युक्त ऐसी विविधता हो।

भारतीय साहित्यिक परम्परा एव संगीत, चित्रकला, नृत्य, शिल्प, स्थापत्य, वेश-भूषा और साज-सज्जा के साथ ही सम्पूर्ण भारतीय दर्शन एव विचार-धारा पर श्रीकृष्ण का प्रभाव स्पष्टरूपेण लक्षित होता है। इस प्रकार श्रीकृष्ण भारतीय जनता के लिए एक अजस्र प्रेरणा-स्रोत बने हुए हैं और लोक-रक्षक के साथ ही लोकरजक रूप मे भी प्रतिष्ठित हैं।

श्रीकृष्ण सम्बन्धी आख्यान की प्राचीनता

श्रीकृष्ण-नाम का प्राचीनतम उल्लेख ऋग्वेद मे प्राप्त होता है। ऋग्वेद मे एक स्तोता विशेष के रूप मे श्रीकृष्ण सोमपान के लिये अश्विनीकुमारो का आह्वान करते हैं और कहते हैं कि अश्विनीकुमार उनका आह्वान सुन कर हर्ष-प्रदायक सोम को पीने हेतु अश्व-सयुक्त रथ मे आरूढ होकर पदार्पण करें।[1]

---

[1] आ मे हवं नासत्याश्विना गच्छतं युवम्। मध्व. सोमस्य पीतये॥ १
इमं मे स्तोममश्विनेम मे शृणुत हवम्। मध्वः सोमस्य पीतये॥ २
अयं वां कृष्णो अश्विना हवते वाजिनीवसू। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ३

(शेष अश पृ २ पर)

ऋग्वेद मे श्रीकृष्ण के पुत्र विश्वक् का भी उल्लेख है। अश्विनीकुमारो की स्तुति मे कहा गया है कि उन्होने विश्वक् को पशु के समान खोए हुए पुत्र विष्णायू से मिला दिया।[१]

देवकी-पुत्र कृष्ण का नाम सर्वप्रथम छान्दोग्य उपनिषद् मे प्राप्त होता है। छान्दोग्य उपनिषद् मे प्रकट किया गया है कि घोर आङ्गिरस ने देवकी-पुत्र कृष्ण को विशेष ज्ञान प्रदान किया था।[२] तत्पश्चात् नारायणाथर्वशीर्षोपनिषद् और आत्मबोध उपनिषद् मे देवकी-पुत्र कृष्ण को मधुसूदन अर्थात् विष्णु बताया गया है। श्री आर० जी० भाण्डारकर के मतानुसार वासुदेव सभवत सात्वत जाति के प्रसिद्ध राजकुमार थे और सात्वत जाति मे ही सर्वप्रथम वासुदेव पूज्य हुए।[३]

जैन मतानुसार वासुदेव, बलदेव और प्रतिवासुदेव मे से प्रत्येक की सख्या ९ है।[४] जेम्स हेस्टिंग्ज के मतानुसार वासुदेव और कृष्ण मूलत भिन्न थे और कालान्तर मे एक अवतार के रूप में पूज्य हुए। वासुदेव का उल्लेख सर्व प्रथम तैत्तिरीयोपनिषद् मे नारायण और विष्णु के रूप मे प्राप्त होता है।[५] ग्रियर्सन,

---

शृणुत जरितुर्हवं कृष्णस्य स्तुवतो नरा। मध्व सोमस्य पीतये ॥ ४
छर्दिर्यन्तमदाभ्य विप्राय स्तुवते नरा। मध्वः सोमस्य पीतये ॥ ५
गच्छत दाशुषो गृहमित्था स्तुवतो अश्विना। मध्वः सोमस्य पीतये ॥ ६
युञ्जाथां रासभ रथे वीड्वङ्गे वृषण्वसू। मध्व सोमस्य पीतये ॥ ७
—ऋग्वेद, मण्डल ८वा, सूक्त ८५वा, प्रका गायत्री तपोभूमि, मथुरा।

[१] अवस्यते स्तुवते कृष्णियाय ऋजूयते नासत्या शचीभिः।
पशुन नष्टमिव दर्शनाय विष्णाप्व ददथुर्विश्वकाय ॥ २३
—ऋग्वेद मण्डल १, सूक्त ११६, प्रका गायत्री तपोभूमि, मथुरा।

[२] छान्दोग्य उपनिषद् ३।१७।४-६।

[३] . it is possible that Vāsudeva was a famous prince of the sātvata race and on his death was deified and worshipped by his clan, and a body of doctrines grew up in connection with that worship and the religion spread from that clan to other classes of the Indian people —Report on the Search for Sanskrit Mss 1883-84, Bombay 1887, p 74

[४] आचार्य हेमचन्द्र, त्रिशष्टिशलाकापुरुषचरित्रम्, जैन आत्मानन्दसभा, भावनगर।

[५] We conclude that Vāsudeva, the God, and Krsna the sage, were originally, different from one another, and only afterwards became, by a syncretism of beliefs, one deity, thus giving rise to, or bringing to perfection, a theory of incarnation
—Encyclopaedia of Religion and Ethics, Vol 7 T & T. Clark, Edinburgh, p. 195.

केनेडी और वेबर आदि विद्वानो ने अनुमान किया है कि क्राइस्ट के बाल-चरित के अनुकरण मे ही गोपाल कृष्ण का बाल-चरित निरूपित किया गया है ।[१]

देवकी-पुत्र वासुदेव श्रीकृष्ण की महत्ता सर्वप्रथम महाभारत से प्रकट होती है । महाभारत-युद्ध के प्रसङ्ग मे अर्जुन इन्द्र की अपेक्षा श्रीकृष्ण के सहयोग को अधिक महत्त्व प्रदान करते हैं । अर्जुन श्रीकृष्ण को इन्द्र से अधिक पराक्रमी मानते हुए कहते हैं कि श्रीकृष्ण ने भोज राजाओ को नष्ट किया, रुक्मिणी का हरण किया, नगजित के पुत्रो को पराजित किया, राजा पाण्ड्य का सहार किया, काशी नगरी का उद्धार किया, निपादराज एकलव्य का वध किया और उग्रसेन के पुत्र सुनाम को मारा, आदि । श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था मे ही हयराज और अन्य राक्षसो को मारा, जल-देवता को परास्त किया तथा इन्द्र के नन्दनवन से सत्यभामा की प्रसन्नता के लिए पारिजात ले आये ।[२] इस प्रकार महाभारत मे श्रीकृष्ण की वीरता का विशेष विवरण प्राप्त होता है ।

श्री कृष्ण के गोपाल रूप का सुविस्तृत वर्णन श्रीमद्भागवत मे प्राप्त होता है । श्रीमद्भागवत महापुराण मे श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओ को विशेष महत्त्व दिया गया है । साथ ही श्रीकृष्ण के उत्तरकालीन ऐश्वर्यमय स्वरूप को भी यथाप्रसङ्ग चित्रित किया गया है । इसलिये श्रीमद्भागवत के कृष्ण पूर्ण कृष्ण कहे जाते हैं । श्रीमद्भागवत मे ऋग्वेद के स्तोता कृष्ण, महाभारत के राजनीतिज्ञ कृष्ण और गोपाल कृष्ण, तीनो ही प्रतिनिधि रूपो का समन्वित चित्रण हुआ है, जिससे श्रीमद्भागवत मे वर्णित श्रीकृष्ण का चरित्र विशेष लोकप्रिय और उपास्य हुआ है ।

पुरातात्त्विक दृष्टि से श्रीकृष्णोपासना का प्राचीनतम प्रमाण माध्यमिका (नगरी, चित्तौड के समीप) के अवशेषो से प्राप्त होता है ।[3] तदुपरान्त मथुरा से प्राप्त एक शिलामूर्तिपट्ट से श्रीकृष्ण-चरित्र का प्रमाण मिलता है । यह पट्ट अनुमानतः प्रथम शताब्दी ईस्वी का है और इसमे वसुदेव को नवजात कृष्ण के साथ यमुना पार करते हुए दिखाया गया है ।[४] मथुरा से ही एक अन्य शिला-पट्ट प्राप्त हुआ है जिसमे कालियदमन का प्रसङ्ग उत्कीर्ण है ।[५]

---

[१] डॉ० व्रजेश्वर वर्मा, कृष्ण-भक्ति साहित्य, हिन्दी साहित्य भाग २, भारतीय हिन्दी परिषद्, प्रयाग, पृ० ३३५ ।

[२] महाभारत, उद्योगपर्व ।

[३] डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल का निबन्ध, राजस्थान में वासुदेव की उपासना, शोध पत्रिका, उदयपुर ।

[४] इण्डियन आर्कियोलोजीकल सर्वे रिपोर्ट, वर्ष १९२५-२६ ।

[५] पुरातत्त्व-संग्रहालय, मथुरा मे सुरक्षित ।

राजस्थान मे मण्डोर (जोधपुर की प्राचीन राजधानी) से उपलब्ध द्वारपट्टों पर श्रीकृष्ण की गोवर्द्धन-धारण, माखन-चोरी, शकट-भञ्जन और कालियदमन के प्रसङ्ग उत्कीर्ण किये हुए हैं जिनका समय ४ थी-५वी शताब्दी ईस्वी है।[१] राजस्थान मे सूरतगढ (बीकानेर) से मिट्टी की पट्टिकाएँ प्राप्त हुई है जिन पर गोवर्द्धन-धारण और दान-लीलाएँ प्रदर्शित हैं।[२] इसी प्रकार दक्षिण-भारत मे बादामी गुफाओं मे श्रीकृष्ण-जन्म, पूतना-वध, शकट-भञ्जन, प्रलंब-वध, धेनुक-वध, कस वध आदि के दृश्य उपस्थित किये गये हैं जिनका समय ६ठी-७वी शताब्दी माना गया है।[3]

श्रीकृष्ण का विविध काव्यो मे निरूपण भी प्रथम शताब्दी ई० से ही प्राप्त होता है। सर्व प्रथम अश्वघोष (प्रथम शताब्दी ई०) कृत संस्कृत काव्य 'बुद्ध-चरित'[४] और प्राकृतभाषा-निबद्ध हाल सातवाहन की 'गाहासतसई' मे श्रीकृष्ण-लीलाओ की सरस झाँकियाँ दी गई है। दक्षिण भारत मे आलवार सन्तो ने ५वी से ९वी शताब्दी ई० पर्यन्त श्रीकृष्ण सम्बन्धी अनेक रचनाएँ प्रस्तुत की। राजा यशोवर्मा (८वी शताब्दी ई०) के सभा-कवि वाक्पतिराज कृत प्राकृत महाकाव्य 'गउडवहो' मे भी श्रीकृष्ण की स्तुति है।[५] हेमचद्राचार्य (१२वी शताब्दी ई०) ने भी अपने सुप्रसिद्ध व्याकरण-ग्रन्थ मे राधा-कृष्ण सम्बन्धी कतिपय पद्य उद्-धृत किये हैं। कालान्तर मे श्रीकृष्ण सम्बन्धी काव्यो मे राधा-चरित्र को क्रमश अधिक महत्त्व का स्थान मिलता गया। जयदेव कृत 'गीत-गोविन्द' राधा-कृष्ण की शृङ्गारिक लीलाओं से पूर्ण प्रथम महत्त्वशाली काव्य है, जिसका प्रभाव अनेक काव्यो पर लक्षित होता है।

---

[१] इण्डियन आर्कियोलोजीकल सर्वे रिपोर्ट वर्ष १९०५-६।

[२] पुरातत्त्व सग्रहालय, बीकानेर में सुरक्षित।

[3] आर्कियालाजिकल मेमॉयर्स, वर्ष १९२८-२९।

[४] बुद्धचरित् १-५।

[५] सो जयइ जामइल्लागभाण-मुहलालि-वलय-परिआल।
लच्छि-निवेसन्तेउर-वइव जो वहइ वण-माल ॥२०॥
बालत्तणम्मि हरिणो जयइ जसो आएँ चुम्बिय वयण।
पडिसिद्ध-नाहि-मगुद्ध-णिग्गय पुण्डरीयव ॥२१॥
महरेहा राहा-कारणाओ करुणं हरन्तु वो सरसा।
पच्छत्थलम्मि कोत्थुह-किरणा अन्तीओ कण्हस्स ॥२२॥
त णमह जेण अज्जवि विलूण कण्ठस्स राहुणो वलई।
दुस्समनिच्चरियचिय अमूल-लहुएहि सासेंहि ॥२३॥—मंगलाचरण

मध्यकालीन भक्ति-भावना और श्रीकृष्ण

मुस्लिम सेना-नायको ने भारतवर्ष पर आक्रमण कर अधिकाश भूमि पर बलपूर्वक अपनी राज्य-सत्ता स्थापित कर ली तो जनता मे घोर नैराश्य का वातावरण छा गया। मुस्लिम नायको का शासन इस्लाम के सिद्धान्तानुसार तलवार के बल पर चलने लगा और हिन्दू-जनता के धार्मिक कृत्यो तथा विचारो पर कड़े प्रतिबन्ध लगा दिये गये। हिन्दू मन्दिरो और अन्य धार्मिक स्थानो को तोड कर मसजिदो मे परिवर्तित किया जाने लगा, हिन्दू तीर्थों पर भारी कर लगा दिये गये, हिन्दुओ को बलात् इस्लाम की दीक्षा दी जाने लगी और जिन हिन्दुओ ने इस्लाम को अगीकार नही किया उन्हे जजिया देने के लिए विवश किया गया। हिन्दू समर्थ होकर किसी प्रकार का विद्रोह न करें इसलिये उनके पाम किसी प्रकार की विशेष सम्पत्ति नही रहने दी गई और न आय के विशेष स्रोत ही उनके पास छोड़े गये। उथल-पुथल के उस युग मे हिन्दू जनता ने कभी इस्लामी शासन के अत्याचारो के विरुद्ध पुकार की तो सामूहिक रूप मे उनके गाँव जला दिये गये और आबालवृद्ध नर-नारियो को अनेक प्रकार की यातनाओ के साथ कत्ल का भी सामना करना पडा। ऐसे हृदय-द्रावक उदाहरणो से हमारा मध्यकालीन इतिहास भरा पडा है।

इस्लामी शासन के ऐसे घोर आपत्तिकाल मे अनेक राजाओ ने भी मुसलमान बादशाहो की अधीनता स्वीकार करली। ऐसी अवस्था मे धर्म-प्राण जनता के लिए केवल मात्र ईश्वर का ही आश्रय रह गया। अवश्य ही राजस्थान की वीर जनता कतिपय स्वाधीनता-प्रेमी और भारतीय मान-मर्यादा के रक्षक राजपूत राजाओ के नेतृत्व मे इस्लामी शासन के विरुद्ध अन्त तक सघर्षरत रही। भारतीय धर्म और अस्तित्व की रक्षा करने वाले इन राजपूत राजाओ ने धर्माचार्यों को विशेष प्रोत्साहन तथा प्रश्रय प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप देश की धार्मिक प्रवृत्तियाँ उस घोर विनाशकारी युग मे भी सुरक्षित रह सकी। इसी समय मे वल्लभाचार्य, निम्बार्काचार्य आदि ने उत्तरी भारत मे अपने उपासना-केन्द्र स्थापित किये और इन्होने स्व-सिद्धान्तानुसार पूर्णब्रह्म परमेश्वर का लोकरक्षक और लोकरजक रूप जनता के समक्ष प्रस्तुत कर उसे आश्वस्त करने के सत्प्रयत्न किये।

भारतीय पुराण-ग्रन्थो मे राम और कृष्णावतार की महत्ता सम्यक् रूपेण प्रतिपादित हो चुकी थी। मध्यकालीन भारतीय धर्माचार्यों ने भारतीय सस्कृति की रक्षा हेतु पुराणो से मुख्यत मर्यादा-पुरुषोत्तम राम और पूर्णब्रह्म श्रीकृष्ण के

लोकानुरजनकारी तथा लोकरक्षक रूपो को ग्रहण करते हुए इनकी उपासना की ओर जनता का ध्यान आकर्षित किया ।

मर्यादा-पुरुषोत्तम श्रीराम ने अत्याचारी रावण और अन्य दानवो का सहार कर ऋषि-मुनियो के यज्ञ-यागादि धार्मिक कृत्यो को निर्विघ्नतापूर्वक सम्पादित करने की व्यवस्था कर धर्मप्राण जनता को अभय कर दिया । इसी प्रकार श्रीकृष्ण ने शकटासुर, वत्सासुर, अघासुर, प्रलम्बासुर, कसासुर, शङ्खासुर, भौमासुर, जरासन्ध और शिशुपालादि का सहार कर धर्म की पुन सस्थापना की थी । श्रीकृष्ण ने असुरो का सहार कर अपने लोक-रक्षक रूप को प्रकट करने के साथ ही रासलीलादि मे लोकरजनकारी रूप भी प्रदर्शित किया । प्रसगानुसार श्रीकृष्ण द्वारा देवराज इन्द्र, ब्रह्मा और वरुणादि का भी दर्प चूर्ण किया गया तो श्रीकृष्ण का देवाधिदेव परमब्रह्म पूर्णावतार का स्वरूप भी प्रतिष्ठित हो गया ।

रामानुज, वल्लभ, मध्व और निम्बार्कादि आचार्यो ने अपने सिद्धान्त-ग्रथो की रचनाएँ सस्कृत मे की थी । आचार्यों के सिद्धान्तो का जनता मे प्रसार करने का महत् कार्य सम्प्रदायगत शिष्य-प्रशिष्यो और कवियो ने सम्पादित किया । उदाहरणरूपेण रामभक्त कवियो में अग्रदास तथा तुलसीदास और कृष्ण-भक्त कवियो मे सूरदास, नन्ददास, कुभनदास, कृष्णदास, परमानन्ददास, चतुर्भुजदास, छीतस्वामी और गोविन्ददास आदि ने अपनी सरस रचनाओ मे सम्प्रदायगत आचार्य-सिद्धान्तो का सरल जन-भाषाओ में विवेचन किया । साथ ही मैथिल कवि विद्यापति, राजस्थान की मीरा और गुजरात के नरसी मेहता प्रभृति कवियो एव कवयित्रियो ने ईश्वर के लोकरक्षक और लोकरजक रूप की झाँकी अपनी परम प्रभावशालिनी रचनाओ द्वारा जनता मे प्रसारित की ।

इसी काल मे भारतवर्ष मे ऐसे सम्प्रदाय भी प्रचलित हुए जिनमे हिन्दू और इस्लाम दोनो ही सस्कृतियो के समन्वय के प्रयास किये गये । असिधारी एव अश्वारोही कट्टर मुस्लिम आक्रान्ताओ के साथ ही कतिपय शान्त सूफी फकीरो का भी भारतवर्ष में प्रवेश हुआ । इन्होने विभिन्न भारतीय प्रेमाख्यानों का आधार ले कर भारतीय भाषा-शैली में ही अपने साम्प्रदायिक काव्य-ग्रन्थो की रचनाएँ की । ऐसे सूफ़ी कवियो में 'चन्दायन' (१३७९ ई०) के कर्ता मुल्ला दाउद, 'मृगावती' (१५०३ ई०) के कर्ता शेख कुतबन, 'पद्मावत' (१५२० ई०) के कर्ता मलिक मुहम्मद जायसी, 'मधुमालती' (१५४५ ई०) के कर्ता मझन, 'चित्रावली' (१६१३ ई०) के कर्ता शेख उसमान आदि विशेष उल्लेखनीय हैं ।

भारतवर्ष में अनेक सन्तों ने निर्गुण और निराकार ब्रह्म की उपासना पर बल दिया तथा मूर्तिपूजा, तीर्थ, व्रत, बलिदान, रोजा, नमाज आदि का विरोध

किया। ऐसे सन्त-सम्प्रदाय ज्ञानमार्गी निर्गुणोपासक सम्प्रदाय कहे गये और इनमें भक्ति की अपेक्षा ज्ञान का अधिक महत्त्व माना गया। राम और कृष्ण के व्यापक प्रभाव से निर्गुण सम्प्रदाय भी वचित न रहे, किन्तु इन्होने राम और कृष्ण की महत्ता निर्गुण ब्रह्म के रूप मे अपने साम्प्रदायिक दृष्टिकोण के अनुसार ही प्रतिपादित की। निर्गुणमार्गी सन्त कवियो पर रामानन्दाचार्य की विचारधारा का विशेष प्रभाव लक्षित होता है, जिन्होने अनेक प्रकार के जातिगत बन्धनो को शिथिल कर भक्तिमार्ग को प्रशस्त बनाया। रामानन्द के विलक्षण व्यक्तित्व से प्रभावित हो कर अनेक जातियो के व्यक्ति उनके शिष्य-प्रशिष्य बन गये जिनमें कबीर प्रमुख माने जाते हैं। अन्य निर्गुणोपासक सन्तो मे नानक, रज्जब, दादू, रैदास आदि भारतीय जनता में विशेष लोकप्रिय हैं।

मुस्लिम शासन-काल मे विभिन्न प्रकार के जैन सम्प्रदायो का भी विकास हुआ। विभिन्न राजपूत राजाओ के मन्त्रियो, प्रबन्धको और मुत्सद्दियो मे जैन-धर्मानुयायी वैश्यो का आधिक्य था, जिन्होने अनेक कलापूर्ण जैन मन्दिरो, उपाश्रयो और अन्य धार्मिक स्थानो का निर्माण करवाया। इस प्रकार प्रोत्साहन प्राप्त कर अनेक जैन सन्तो, साध्वियो और अन्य जैनियो ने प्रचुर परिमाण मे जैन सिद्धान्तानुसार धार्मिक साहित्य की रचनाएँ की। जैन धर्म के प्रधान केन्द्र राजस्थान और गुजरात के तत्कालीन समृद्ध नगरो मे स्थापित हुए। तदनुसार जैन साहित्य भी राजस्थानी और गुजराती भाषाओ मे अधिक प्राप्त होता है। जैन साहित्य मे भी राम और कृष्ण सम्बन्धी चरित्रो का महत्त्वपूर्ण स्थान है एवं अनेक जैन रामायणें और श्रीकृष्ण सम्बन्धी काव्य उपलब्ध होते हैं। जैन साहित्यकारो मे देवसेन (९९० वि०स०, ९३३ ई० सन्), जिनदत्तसूरि (११५० वि० स०, १०९३ ई० सन्), शालिभद्रसूरि (१२४० वि० स०, ११८३ ई० सन्) कुशललाभ (१५८०-१६१७ वि० स०, १५२३-१५६० ई० सन्), हेमरतन (१६४५ वि० स०, १५८८ ई० सन्), मतिसुन्दर (१७२४वि० सं०, १६६७ ई० सन्) और उदैचद भण्डारी (१८६० वि० स०, १८०३ ई० सन्) आदि प्रमुख हैं।

इस प्रकार मुस्लिम शासन-काल मे एक विशेष प्रकार के भक्ति-युग का आविर्भाव हुआ और नाना प्रकार के सन्त-सम्प्रदायो के अन्तर्गत अनेक भक्त कवियो और कवयित्रियो ने भक्ति विषयक साहित्य का प्रचुर परिमाण मे निर्माण किया। भारतवर्ष मे श्रीकृष्ण-भक्ति का प्रधान केन्द्र श्रीकृष्ण की प्रधान लीला-भूमि व्रजप्रदेश मे स्थापित हुआ किन्तु कालान्तर मे मुगल सम्राट औरगजेब के अत्याचारो के कारण मेवाड मे नाथद्वारा और कांकरौली नामक स्थानो

मे क्रमश' श्रीकृष्ण के प्रधान स्वरूपो, श्रीनाथजी और द्वारिकाधीशजी की मूर्तियाँ प्रतिष्ठित की गईं। श्रीकृष्णोपासना से सम्बन्धित सम्प्रदायो में वल्लभाचार्य का पुष्टिमार्ग अथवा वल्लभ सम्प्रदाय, चैतन्य का गौडीय सम्प्रदाय, गोस्वामी हित-हरिवश का राधावल्लभ सम्प्रदाय और स्वामी हरिदास का सखी सम्प्रदाय विशेष उल्लेखनीय हैं। उक्त सम्प्रदायो मे वल्लभाचार्य का पुष्टिमार्गीय शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय प्रमुख है। शुद्धाद्वैत सिद्धान्त में माया के स्थान पर भक्ति की प्रतिष्ठा हुई और इस प्रकार मानो अद्वैत को शुद्ध किया गया, तदनुसार यह शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय कहा गया। शुद्धाद्वैत सिद्धान्तानुसार भक्ति ज्ञान से श्रेष्ठ है क्योकि ज्ञान से ब्रह्म का केवल ज्ञान प्राप्त हो सकता है और भक्ति से ब्रह्म की अनुभूति सभव है। शुद्धाद्वैत मतानुसार जीव और जगत् ब्रह्म के ही चित् और सत् अग हैं तथा ब्रह्म के अतिरिक्त किसी अन्य वस्तु का अस्तित्व नही है। प्रकृति, सुर, नर, असुर आदि सभी ब्रह्म के ही रूपान्तर हैं।

भक्ति-भावना श्रीकृष्ण के अनुग्रह पर निर्भर रहती है। इस अनुग्रह को 'पुष्टि' कहा गया जिससे इस सम्प्रदाय का नाम भी पुष्टि सम्प्रदाय के रूप में प्रसिद्ध हुआ। आचार्य वल्लभ के सिद्धान्तानुसार पुष्टि चार कोटियो की है—

१ **प्रवाह पुष्टि**— सांसारिक सुखोपभोगो में लिप्त रहते हुए भी श्रीकृष्ण की भक्ति हृदय में प्रवाहित होती रहे।

२ **मर्यादा पुष्टि**— सासारिक सुखोपभोगो से विरक्ति होते हुए श्रीकृष्ण की भक्ति हो।

३ **पुष्ट पुष्टि**— श्रीकृष्ण-भक्ति की साधना उत्तरोत्तर अधिक होती जावे।

४ **शुद्ध पुष्टि**— प्रेम और अनुराग के आधार पर श्रीकृष्ण की अनुभूति भक्त-हृदय मे होना।

श्रीकृष्ण-भक्ति मूलत माधुर्यभाव से युक्त है जिसका आधार श्रीमद्भागवत महापुराण है। श्री वल्लभाचार्य और अन्य कृष्ण-भक्ति से सम्बन्धित आचार्यो ने श्रीमद्भागवत के आधार पर ही अपने सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया। श्रीमद्भागवत सम्पूर्ण वैष्णव धर्म के पुनरुत्थान मे विशेष सहायक सिद्ध हुई। तदनुसार श्रीकृष्ण-भक्ति विषयक काव्यो का मूल स्रोत भी भागवत ही हुई।

कालान्तर में सस्कृत, राजस्थानी, गुजराती, व्रज, खडी बोली, बगला, मराठी आदि अनेक भाषाओ मे कवि-कोविदो ने भागवत महापुराण से प्रेरित हो कर विविध विषयक साहित्यिक रचनाएँ की, जिनका सम्बन्धित जनता मे विशेष

प्रसार हुआ। भागवत महापुराण अद्यावधि कवि-कोविदो के साथ ही भक्त-जनो और सुरसज्ञों का परम प्रिय एवं उपास्य ग्रन्थ बना हुआ जीवन मे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के दाता रूप मे सुप्रतिष्ठित है।

राजस्थानी साहित्य और श्रीकृष्ण-चरित्र

हमारे देश मे कालक्रमानुसार क्रमश: वैदिक (छान्दस्), सस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश नामक प्राचीन भाषाओ का प्रभुत्व रहा। राजस्थानी भारतीय आर्य-भाषा-परिवार की एक आधुनिक भाषा मानी गई है। राजस्थानी भाषा का उद्भव राजस्थान मे प्रचलित नागर अपभ्रश से हुआ है।[1]

राजस्थानी भाषा के उद्भव-काल के विपय मे विभिन्न मत प्रकट किये गये हैं। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने राजस्थानी और अन्य भारतीय आधुनिक भाषाओ का उद्भव-काल ७६० ई० (वि०सं० ८१७) निर्धारित किया है।[2] डॉ० मोतीलालजी मेनारिया के मतानुसार राजस्थानी भापा-साहित्य का आरम्भकाल वि० स० १०४५ है[3] और श्री नरोत्तमदासजी स्वामी ने उद्भव-काल वि० स० ११५० लिखा है।[4]

राजस्थानी भाषा-साहित्य की प्राचीनतम रचना के रूप मे पूषी अथवा पुष्य कवि द्वारा वि० स० ७०० मे रचित अलङ्कार-ग्रंथ का उल्लेख मात्र प्राप्त होता है।[5] यह कृति अद्यावधि अप्राप्य है अतएव इसके विषय मे निश्चितरूपेण मत नही व्यक्त किया जा सकता। इसी प्रकार चित्तौड-नरेश खूमाण द्वितीय (वि० स० ८७०-६००) कृत 'खूमाण-रासो' का उल्लेख भी प्राप्त होता है किन्तु यह ग्रथ भी प्राप्य नही है।[6] १८वी सदी मे दौलतविजय, अपर नाम दलपत-विजय रचित 'खूमाण-रासो' और उक्त खूमाण कृत 'खूमाण-रासो' को एक ही कृति मान लेने के भ्रम के कारण विद्वानो मे एक विवाद अवश्य उठ खड़ा हो गया है।[7]

---

[1] राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति और विकास के विषय में विशेष विवरण 'राजस्थानी भाषा की रूपरेखा', हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, बनारस, पृ० ७–२३ पर द्रष्टव्य है।

[2] प्रस्तावना, हिन्दी काव्य-धारा, किताब महल, प्रयाग, पृ० १२।

[3] राजस्थानी भाषा और साहित्य, हिन्दी साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग, पृ० १०३।

[4] राजस्थानी भाषा और साहित्य, नवयुग ग्रन्थ कुटीर, बीकानेर, पृ० २२।

[5] (क) डॉ० रामकुमार वर्मा, हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, रामनारायण-लाल, इलाहाबाद, १९५८, पृ० ४९।
(ख) प्रो० उदयसिंह भटनागर, हिन्दी साहित्य, भाग २, भारतीय हिन्दी परिषद्, प्रयाग, १९५९ ई०, पृ० ६२०।

[6] शिवसिंह सरोज, सातवां सस्करण, १९२६, पृ० ९।

[7] (क) रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, सातवां सस्करण, स० २००८, पृ० ३३।
(ख) डॉ० रामकुमार वर्मा, हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, रामनारायणलाल, इलाहाबाद, १९५८, पृ० १४४।

इस प्रकार राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे उक्त ग्रथो को प्रमाण-स्वरूप नही प्रस्तुत किया जा सकता।

उद्योतनसूरि द्वारा वि० स० ८३५ मे लिखे गये 'कुवलयमाला' कथा-ग्रन्थ से राजस्थानी भाषा के मरुदेशीय रूप का उल्लेख नाम सहित इस प्रकार प्राप्त होता है—

"वके जडे य जड्डे वहु भोइ कठि(ढि)ण-पीण सू(थू)णगे ।
अप्पा तुप्पा भणिरे अह पेच्छइ मारुए तत्तो ॥"[१]

उक्त प्रमाण से प्रकट है कि राजस्थानी भाषा का उद्भव वि० स० ८३५ मे हो चुका था और उसके मरुदेशीय रूप की प्रतिष्ठा भी हो चुकी थी। इसीलिये उद्योतनसूरि ने देश की तत्कालीन अठारह उल्लेखनीय प्रमुख भाषाओ मे मरुदेशीय भाषा की गणना की। इस प्रकार राजस्थानी भाषा-साहित्य का उद्भवकाल नवमी शताब्दी विक्रमीय मान लेने मे कोई आपत्ति नही होनी चाहिए।

९वी शताब्दी से आधुनिक काल तक राजस्थानी भाषा-साहित्य का निर्माण निरन्तर होता रहा है जिससे इस साहित्य की सम्पन्नता स्वत. प्रकट होती है। राजस्थान मे ब्राह्मण पण्डितो, राजपूतो, चारणो, मोतीसरो, ब्रह्मभट्टो, ढाढ़ियो, जैन साधु-साध्वियो, यतियो, निर्गुणी सन्तो आदि साहित्यानुरागियो द्वारा प्रचुर परिमाण मे राजस्थानी भाषा-साहित्य का निर्माण, सरक्षण, सवृद्धि, अनुवाद, टीका आदि कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ है। राजस्थानी भाषा-साहित्य प्राचीनता, विषयो की विविधता, रचना-शैलियो की अनेक रूपता, पद्य के साथ ही गद्य की प्रचुरता और उत्कृष्टता की दृष्टि से विशेष महत्त्व का माना गया है, यथा—

"भक्ति-साहित्य हमे प्रत्येक प्रान्त मे मिलता है। सभी स्थानो के कवियों ने अपने ढंग से राधा और कृष्ण के गीतो का गान किया है, किन्तु राजस्थान ने अपने रक्त से जिस साहित्य का निर्माण किया है, वह अद्वितीय है। और उसका कारण भी है। राजस्थानी कवियो ने जीवन की कठोर वास्तविकताओ का स्वय सामना करते हुए युद्ध के नक्कारे की ध्वनि के साथ स्वभावत अयत्नज काव्य-गान किया। उन्होने अपने सामने साक्षात् शिव के ताण्डव की तरह प्रकृति का नृत्य देखा था। क्या आज कोई अपनी कल्पना द्वारा उस कोटि के काव्य की रचना कर सकता है? राजस्थानी भाषा

---

[१] (क) कुवलय माला कथा, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, स०, पद्मश्री मुनि जिनविजयजी, भारतीय विद्या भवन, बम्बई।

(ख) अपभ्रंशकाव्यत्रयी, सं०, लालचन्द्र भगवानदास गांधी, गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज़, ओरिएन्टल इस्टीट्यूट, बड़ोदा, पृ. ९२–९३।

के प्रत्येक दोहे मे जो वीरत्व का भावना है, और उमग है वह राजस्थान को मौलिक निधि है और समस्त भारतवर्ष के गौरव का विषय है ।"

—विश्व-कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ।[1]

"राजस्थानी वीरो की भाषा है; राजस्थानी साहित्य वीर-साहित्य है । ससार के साहित्य मे उसका निराला स्थान है। वर्तमान काल के भारतीय नवयुवको के लिए तो उसका अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए । इस प्राण भरे साहित्य और उसकी भाषा के उद्धार का कार्य अत्यन्त आवश्यक है । . मैं उस दिन की प्रतीक्षा मे हू जब हिन्दू विश्वविद्यालय मे राजस्थानी का सर्वांगपूर्ण विभाग स्थापित हो जायेगा जिसमे राजस्थानी भाषा और साहित्य की खोज तथा अध्ययन का पूर्ण प्रबन्ध होगा ।"

—महामना प० मदनमोहन मालवीय ।[2]

"साहित्य की दृष्टि से भी चारणी कृतियाँ बडी महत्त्वपूर्ण है । उनका अपना साहित्यिक मूल्य है और कुल मिला कर वे ऐसी साहित्यिक निधियाँ है जो अधिक प्रकाश मे आने पर आधुनिक भारतीय भाषाओ के साहित्य मे अवश्य ही अत्यन्त महत्त्व का स्थान प्राप्त करेगी ।"

—श्री आशुतोष मुकर्जी ।[3]

राजस्थानी भाषा-साहित्य का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जा सकता है—

१ जैन साहित्य, २ डिंगल साहित्य, ३. पिंगल साहित्य, ४ पौराणिक साहित्य, ५. भक्ति एव सन्त साहित्य, ६. लोक-साहित्य और ७ आधुनिक साहित्य ।

राजस्थानी जैन साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ है प्राचीनता, पद्य-रूपो की विविधता, गद्य की प्रचुरता और जीवन को उच्च ध्येय की ओर अग्रसर करने की क्षमता । जैन साहित्य के प्रमुख प्रणेता सामान्य सासारिक जीव नही, वरन् जीवन के विस्तृत अनुभवो से युक्त और साधना के उच्च धरातल पर पहुँचे हुए ज्ञानी महात्मा रहे हैं, अतएव जैन साहित्य शुद्ध साहित्यिक तत्त्वो से युक्त होता हुआ भी उपदेश-तत्त्वो से पूर्ण है ।

जैन साहित्य केवल धार्मिक विषयो पर ही नही रचा गया, वरन् वैद्यक,

---

[1] (क) मॉडर्न रिव्यू, कलकत्ता, सितम्बर, १९३८, जिल्द ६४, पृ० ७१० ।
(ख) नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वाराणसी, भाग ४५, अक ३, कार्तिक स० १९९७, पृ० २२८-३० ।

[2] ठाकुर रार्मासहजी का अध्यक्षीय अभिभाषण, अखिल भारतीय राजस्थानी साहित्य सम्मेलन, दिनाजपुर, वैशाख स० २००१, पृ० ११-१२ ।

[3] ठाकुर रार्मासहजी का अध्यक्षीय अभिभाषण, अखिल भारतीय राजस्थानी साहित्य सम्मेलन, दिनाजपुर, वैशाख, स० २००१, पृ० ११-१२ ।

कोष, नगर-वर्णन, काव्य-शास्त्र, इतिहास, भूगोल, वास्तुविद्या आदि अनेक विषयो पर गभीरता और अधिकारपूर्वक लिखा गया है।

साहित्यिक विधाओ की दृष्टि से जैन साहित्य के अन्तर्गत प्रबन्ध, कथा, रास, चउपई, फाग, सवाद, गीत, धमाल, दूहा, गजल, स्तवन, सज्भाय, मंगल, पट्टावली, टीका, टब्बा और बालावबोध आदि रूप सुविकसित रूप में प्राप्त होते है।

जैन साहित्यकारो की रचनाओं मे शालिभद्रसूरि का 'भरत-बाहुबलि रास' (स० ११८६), कुशललाभ की 'ढोला-मारू चउपई' और 'माधवानल कामकन्दला' (१६वी सदी), समयसुन्दर (सं० १५८०–१६४२) कृत 'सीताराम चउपई', और जीतमलजी का 'भगवती सूत्र' आदि विशेष उल्लेखनीय हैं।

जैन मतानुसार २२ वे तीर्थंकर नेमिनाथ (अपर नाम रिष्टनेमि अथवा रिट्ठनेमि) और गजसुकुमाल श्रीकृष्ण के क्रमश चचेरे और सहोदर भाई माने गये हैं इसलिये नेमिनाथ और गजसुकुमाल सम्बन्धी विभिन्न कृतियो मे श्रीकृष्ण का चरित्र भी प्रसगानुसार अकित हुआ है।

नेमिनाथ यादवकुल मे परम शक्तिशाली थे। इनका विवाह राजकुमारी राजुलदेवी से निश्चित हुआ था किन्तु विवाह के अवसर पर भोज्य पदार्थों के लिए वध किए जाने वाले जीवो का आर्त क्रन्दन सुन कर नेमिनाथ मे वैराग्य उत्पन्न हो गया और उन्होने राजसी सुख-वैभव का पूर्णरूपेण त्याग कर दिया। राजुलदेवी ने भी साथ ही वैराग्य धारण कर लिया। नेमिनाथ और राजुलदेवी सम्बन्धी अनेक जैन-रचनाएँ उपलब्ध होती है किन्तु इनमे श्रीकृष्ण का चरित्र अविकसित ही रहा है।[1]

गजसुकुमाल ने नेमिनाथ से प्रभावित होकर बाल्यकाल मे ही वैराग्य को धारण कर लिया था।[2] गजसुकुमाल हाथी के बच्चे की भाँति कोमल और सुगढ़

---

[1] क नेमिनाथ चतुष्पादिका, विनयचन्द्रसूरि (वि स १३२५) कृत, पृ. ५।
ख नेमिनाथ रास पुण्यरत्न कृत ले का वि. स १३३६, पृ २४३।
ग नेमिफाग, वि स १६६५, गजसागर सूरि शिष्य कृत पृ ४०३।
घ नेमिरास, वि स. १६७५, धर्मकीर्ति कृत, पृ ४६१।
ङ नेमिराजुल बारामासा, वि स १६८६, लाभोदय कृत, पृ ५३४।
जैन गुजर कविओ, भाग १, मो द. देसाई, जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस, बम्बई।
च नेमिनाथ सिलोका, उदयरतन कृत ले. का. स. १८७१, ग्रन्थाक ४८३७ रा.प्रा.वि.प्र

[2] क गजसुकुमार संधि, वि स १५५३ मूलप्रभ कृत पृ ६५।
ख गजसुकुमार रास, वि. स० १६१७ लावण्यकीर्ति कृत पृ. २१७
ग गजसुकुमार रास, वि सं १६६६, पृ. ४०८।—जैन गुर्जर कविओ; भाग १, मो. द देसाई, जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस, बम्बई।

थे और इसलिए इनका यह नाम प्रसिद्ध हुआ। गजसुकुमाल सम्बन्धी रचनाओं मे श्रीकृष्ण के राजदरबार और ऐश्वर्य का वर्णन विशेष हुआ है।

जैन साहित्यकारो द्वारा हरिवंश-पुराण, पाण्डव-चरित्र, प्रद्युम्न-चरित्र और द्रौपदी-रास आदि ग्रन्थ भी लिखे गये जिनमे श्रीकृष्ण सम्बन्धी चरित्र का निरूपण हुआ है। ऐसी जैन रचनाओ मे निम्न लिखित रचनाएँ विशेष उल्लेखनीय हैं—

धवल कृत हरिवंश-पुराण (र. का. ११वी शताब्दी वि०), रविसागर कृत प्रद्युम्न-चरित्र (र. का. १२०७ वि), विनयचद्र कृत नेमिनाथ चतुष्पादिका (र का १३२५ वि० लगभग), यशकीर्ति कृत पाण्डव-पुराण (र. का. १४९७ वि०) लावण्यकीर्ति कृत नेमिनाथ रास (र का. १६९२ वि०) और द्रौपदी रास (र. का १६९३) आदि।

डिंगल राजस्थानी साहित्य की एक विशेष शैली है जिसको राजस्थान के समस्त भागो मे अपनाया गया है। डिंगल का मूलाधार पश्चिमी राजस्थानी अर्थात् मारवाडी है, जिसको मरुभाषा अथवा मरुदेशीय भाषा भी कहा गया है।

डिंगल मे अनेक प्रबन्ध-काव्यो के साथ ही मुक्तक गीत, दूहा, झूलणा, कुण्डलिया, नीसाणी, झमाल और छप्पयादि प्रचुर मात्रा मे लिखे गये। डिंगल गीत गेय नही होते किन्तु विशेष प्रभावशाली शैली मे उच्चारित किये जाते है। डिंगल गीतो के मुख्य भेद ९१ प्रकार के प्राप्त होते हैं।[1]

डिंगल काव्य ओजोगुण-सम्पन्नता, रस-परिपाक, ऐतिहासिकता और प्रभावशालिता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण माने गये हैं। डिंगल कवियो को जीवन के विविध पक्षो का विस्तृत अनुभव रहा है इसलिए डिंगल साहित्य मे यथार्थ और सजीव रूप एवं दृश्य-चित्रण के स्पष्ट दर्शन वर्तमान हैं। डिंगल कवि कलम चलाने मे कुशल होने के साथ ही तलवार के भी धनी रहे हैं। वीरता, शृङ्गार और भक्ति तीनो ही इन कवियो के प्रिय विषय रहे हैं। इसी वीरता, शृङ्गार और भक्ति की त्रिवेणी मे स्नान कर मध्यकालीन राजस्थान का जन-समाज अनुपम शौर्य और त्याग-भावना का परिचय दे सका है। मध्यकालीन राजस्थानी वीर-वीराङ्गनाओ के प्रमुख प्रेरणा-स्रोत डिंगल काव्य ही रहे हैं और डिंगल काव्यो से स्वाधीनता, स्वाभिमान एव आत्म-रक्षा का अमर सन्देश प्राप्त होता है।

---

[1] श्री नारायणसिंह भाटी, मध्यकालीन डिंगल गीत-साहित्य, राजस्थानी साहित्य का मध्यकाल, परपरा, राजस्थानी शोध-संस्थान, जोधपुर, पृ० २५५-२७३।

श्रीकृष्ण के पावन चरित्र मे वीरता, भक्ति और शृगार तीनो ही रसों के अनुकूल प्रसग उपलब्ध होते हैं इसलिए श्रीकृष्ण अन्य भारतीय कवियों की भाँति डिंगल कवियो के भी विशेष चरित्र-नायक रहे हैं। डिंगल कवियों ने अपनी-अपनी रुचि के अनुसार श्रीकृष्ण का वीररसात्मक, भक्तिपरक अथवा शृंगारिक रूप विभिन्न काव्य-ग्रन्थो मे चित्रित किया है। महाराज पृथ्वीराज राठौड जैसे समर्थ कवि ने तो अपनी एक ही काव्यकृति 'वेलि क्रिसन रुक्मिणी री' मे वीर, शान्त और शृगार तीनो ही रसो का चरम उत्कर्ष प्रकट कर काव्य-क्षेत्र मे एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

श्रीकृष्ण के बाल-रूप और गोपाल-रूप का तो सामान्यरूपेण डिगल कवियों ने चित्रण किया ही है किन्तु श्रीकृष्ण का महाभारतकालीन रूप राजस्थान के वातावरण के लिए अधिक अनुकूल सिद्ध हुआ है। मध्य युग मे राजस्थान अपनी मान-मर्यादा की रक्षा हेतु सघर्षरत रहा जिससे श्रीकृष्ण का दुष्टदल-सहारक रूप डिंगल कवियो को विशेष रुचिकर लगा।

रुक्मिणी-हरण जैसे प्रसग में डिगल के कवियो को श्रीकृष्ण का राजसी ऐश्वर्ययुक्त वीर-चरित्र व्यक्त करने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ, अतः डिंगल के कवियो ने विभिन्न दृष्टिकोण से रुक्मिणी-हरण सम्बन्धी अनेक काव्य-ग्रथ लिखे।

श्रीकृष्ण सम्बन्धी निम्नलिखित डिंगल-काव्य विशेष उल्लेखनीय हैं—

महाकवि ईसरदासजी (वि. स. १५९५-१६७६) कृत हरिरस और गुण भागवत, महाराज पृथ्वीराज राठौड (वि स १६०६-१६४४) कृत वेलि क्रिसन रुक्मिणी री, दसम भागवत रा दूहा और वसदेव रावउत; सायाजी भूला (वि. सं १६३२-१७०३) कृत रुखमणी-हरण और नागदमण, माधोदास (वि. सं १६९०) कृत भाषा दसमस्कध तथा खेतसी सादू कृत भाषा-भारथ (र का. वि स. १७९०) आदि।

राजस्थानी पिंगल काव्य से तात्पर्य शौरसैनीप्रभावित राजस्थानी काव्य से है। प्रारम्भ मे पिंगल शैली को मुख्यत ब्रह्मभट्ट कवियो ने अपनाई जिनमे पृथ्वीराज रासा[1] का कर्ता महाकवि चन्द विशेष उल्लेखनीय है। 'पिंगल' शब्द का मूल अर्थ छन्द शास्त्र होता है इसलिए परम्परागत छन्द-शैली मे रचित काव्यो को पिंगळ काव्य कहा गया।

---

[1] पृथ्वीराज रासो की उपलब्ध प्राचीनतम प्रति वि. स १६६४ में लिखित है और यह राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर के केन्द्रीय हस्तलिखित ग्रंथालय में सुरक्षित है।

श्रीकृष्ण सम्बन्धी पिंगल काव्यो में नरहरिदास बारहठ (वि. स १६४८-१७३३)कृत अवतार-चरित्र, महाराजा बहादुरसिंह, किशनगढ़ (शा. का. १७४६ १७८२ वि० स०) कृत मुक्तक छन्द, गणेशपुरीजी (ज. स. १८८३) कृत वीर विनोद (महाभारत गत प्रसग पर आधारित), महाराजा प्रतापसिंह, जयपुर (वि. स. १८२१-१८६०), महाराणा जवानसिंह, उदयपुर (वि स १८५७-१८९५), राजकुमारी सुदर कुवरी, किशनगढ (वि स १७९१-१८५३) और स्वरूपदास कृत पाण्डवयशेन्दुचद्रिका (२०वी सदी) महत्त्वपूर्ण कृतिया हैं।

राजस्थानी भाषा मे पुराण ग्रन्थो पर आधारित साहित्य भी विशाल परिमाण मे लिखा गया है। इस प्रकार का साहित्य पद्य के साथ ही गद्य मे भी प्राप्त होता है, इसलिए विशेप महत्त्वपूर्ण है। राजस्थानी पौराणिक साहित्य मे राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा आदि के साथ ही हरिश्चन्द्र और उषा-अनिरुद्ध आदि के चरित्रो का विस्तृत निरूपण हुआ है। साथ ही ब्रह्माड पुराण, श्रीमद्‌भागवत और सूर्यपुराण के टीकायुक्त राजस्थानी अनुवाद भी मिलते हैं। श्रीकृष्ण सम्बन्धी पौराणिक साहित्य में सोढीनाथी (अमरकोट) कृत बालचरित्र (स. १७३१) और कसलीला (स १७३१), सम्मन बाई कविया (अलवर) कृत कृष्ण बाललीला, भीम कवि कृत हरिलीला (र का स १५४१) तथा श्रीमद्‌भागवत्, हरिवशपुराण और विष्णुपुराण सम्बन्धी रचनाएँ उल्लेखनीय हैं।

राजस्थान के राजपूत राजाओ और अन्य वीरो के आश्रय मे अनेक भक्ति-सम्प्रदायो एव सन्तमतो को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ जिससे राजस्थान मे इनके अनेक केन्द्र स्थापित हुए। दादू, रामस्नेही, विश्नोई आदि सम्प्रदायो की जन्म-भूमि होने का श्रेय भी राजस्थान को प्राप्त है। राजस्थान मे अनेक निर्गुणोपासक सन्तो के साथ ही सगुणोपासक भक्तो ने अपनी भावमयी वाणी से जनता को प्रभावित किया। इनमे से कतिपय सन्तो और भक्तो की वाणी का अखिल भारतीय प्रचार एव प्रसार है जिनमे मीरां (स १५५५-१६०३), और चन्द्र-सखी के भजन मुख्य हैं। निम्वार्क सम्प्रदाय के परशुरामजी का श्रीकृष्ण चरित (सं. १६७७) भी श्रीकृष्ण सबन्धी प्रमुख रचना है।

जनता से मौखिक परपरानुसार प्राप्त होने वाला साहित्य ही लोक-साहित्य है। राजस्थान मे प्राचीन काल से ही मौखिक साहित्य को लिपिबद्ध करने की परिपाटी रही है, तदनुसार प्राचीन हस्तलिखित ग्रथो मे भी अनेक लोक-कथायें, लोकगीत, कहावतें, पहेलियां और लौकिक काव्यादि लिखित रूप मे प्राप्त हो जाते हैं। राजस्थान का प्राकृतिक वातावरण हरी-भरी उपजाऊ घाटियो,

मरुस्थलीय टीबो, ऊंचे पर्वतो, कलकल निनादी निर्झरो और सुविस्तृत जलाशयो से युक्त विभिन्नताओ से पूर्ण है, इसलिये राजस्थानी लोक-साहित्य मे भी विविधताओ के दर्शन होते हैं।

राजस्थानी भाषा मे लोक-साहित्य के अन्तर्गत हजारो की सख्या मे लोक-गीत, लोक-कथाएँ, कहावते, मुहावरे, पहेलिया, पवाडे और ख्याल (लोक-नाटक) प्रचलित हैं। कालान्तर मे इनके लुप्त हो जाने की आशका है, अतएव इनको शीघ्रातिशीघ्र वैज्ञानिक विधियो से लिपिबद्ध करने की आवश्यकता है।

राजस्थानी जनता ने अपनी भक्ति-भावना को लोक गीतो मे मुख्यत: 'हर-जस' के रूप मे व्यक्त किया है। राजस्थानी 'हर-जस' साहित्य के अन्तर्गत कृष्ण-लीला सम्बन्धी गीत प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। माखन-चोरी, गो-चारण, नाग-दमण, चीर-हरण, रास और मथुरा-गमन आदि लीला-सम्बन्धी गीतों मे श्रीकृष्ण के लोकानुरञ्जक और लोक-रक्षक रूप की झाकी प्रदर्शित हुई है। ऐसे गीतो मे गोकुल को एक राजस्थानी गाव के रूप मे और राधा-कृष्ण को राजस्थानी नायिका एव नायक के रूप मे चित्रित किया गया है।[1]

श्रीकृष्ण-सम्बन्धी लौकिक काव्यो मे 'नरसीजी रो माहेरो' और 'रुक्मिणी-मंगल' अथवा 'हरिजी रो व्यावलो' मुख्य हैं। इनमे से 'माहेरो' रतन खाती का और 'रुक्मिणी-मगळ' अथवा 'व्यावलो' पदम तेली का रचित माना जाता है। 'नरसीजी रो माहेरो" मे भक्तवर नरसीजी की ओर से श्रीकृष्ण-रुक्मिणी द्वारा नरसीजी की पुत्री नानीबाई के ससुराल मे भात भरने की कथा है। राजस्थान और गुजरात की जनता में माहेरा गेय रूप मे बहुत प्रिय है। माहेरा मे नरसी की निर्धनता और असहायावस्था का यथार्थ चित्रण है। श्रीकृष्ण अपने भक्त की पुकार पर स्वयं श्री रुक्मिणी के साथ पहुँच कर आश्चर्यजनक रीति से भरपूर माहेरा भरते हैं। डॉ० हीरालाल माहेश्वरी ने 'माहेरो' का रचनाकाल स० १६१७ माना है।[2] वास्तव में इसका रचनाकाल सं० १६७७ है जैसा उनके ही द्वारा उद्धृत ज्ञान-भण्डार, बीकानेर की प्रति की निम्न पक्तियो से स्पष्ट विदित होता है—

> संवत सोलै सततरै माल, सांवरन्ना पधारचा छा नगर अंजार।
> गावै नै माहेरा सहजी रतन वरी, लाख चौरासी सु जु दोर ल्यौ हरी ॥[3]

---

[1] श्री मनोहर शर्मा, एम. ए., का निबन्ध, भारतीय लोक-कला निबन्धावली, भाग ३, भारतीय लोक-कला मण्डल, उदयपुर।

[2] राजस्थानी भाषा और साहित्य, आधुनिक पुस्तक भवन, ३०।३१ कलाकार स्ट्रीट कलकत्ता ७, पृ २११

[3] वही।

माहेरा प्रकाशित हो चुका है।[1] किन्तु हस्तलिखित ग्रथो और मौखिक-कथाओ के पाठान्तर सहित विधिवत् सम्पादित किये गये 'नरसीजी रो माहेरो' का प्रकाशन आवश्यक है।

कतिपय आधुनिक लेखको ने भी श्रीकृष्ण विषयक रचनाएँ राजस्थानी भाषा मे प्रस्तुत की हैं। ऐसी रचनाओ मे श्रीसत्यप्रकाश जोशी की 'राधा'[2] और श्रीसांवलदान आशिया कृत चारणी गीतो मे महाभारत पर आधारित काव्य[3] विशेष उल्लेखनीय हैं। श्रीमनोहर शर्मा बिसाऊ और श्रीनाथूदान महियारिया प्रभृति आधुनिक राजस्थानी कवियो की श्रीकृष्ण सम्बन्धी फुटकर रचनाएँ[4] भी महत्त्वपूर्ण है।

सायांजी झूला का जीवन-परिचय

कृष्ण-भक्त महात्मा सायाजी चारणो की झूला शाखा[5] मे उत्पन्न हुए इसलिए झूला कहे गये। राजस्थान, मध्यभारत और गुजरात आदि प्रदेशो मे चारण कवियो का विशेष सम्मान रहा है। चारण ओजस्विनी कविता पढने के अतिरिक्त युद्ध-क्षेत्र में तलवार चलाने मे भी परम कुशल रहे हैं। विद्या-व्यसन और अपनी गद्य-पद्यात्मक विविध विषयक रचनाओ मे प्रभावशाली रूप में सत्य का अकन करना इनकी विशेषताएँ रही हैं। यही कारण है कि अनेक चारण कवि शासको के विद्यागुरु, प्रधान परामर्शदाता और सेनापति रहे है। राजपूत शासको की यथातथ्य कटु आलोचना करना चारण-काव्य की एक विशेषता रही है जिसको विसहर (स० विषधर) काव्य कहा जाता है। अनेक चारण कवियो ने अपने आश्रयदाताओ की प्रशसा नही करते हुए और सासारिक सुखोपभोगो को तुच्छ समझते हुए केवल मात्र ईश-स्तवन के रूप मे ही अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति की। ऐसे कवियो मे महात्मा सायाजी झूला प्रमुख हैं।

महात्मा सायाजी झूला ने अपनी रचनाओ मे मुख्यत भगवान श्रीकृष्ण का पावन चरित्र ही निरूपित किया है इसलिए अतःसाक्ष्य के आधार पर

---

[1] क. शाह शिवकरण रामरतन दरक, इन्दौर।
ख श्यामलाल हीरालाल, श्याम काशी प्रेस, मथुरा।

[2] प्रकाशित, रूपायन प्रकाशन, बोरूदा, जोधपुर।

[3] अप्रकाशित।

[4] राजस्थानी अर्वाचीन साहित्य, राजस्थानी साहित्य समिति, बिसाऊ, जयपुर।

[5] चारणो की शाखाएँ १२० मानी गई हैं। इनमे से रेढ़ शाखा के अन्तर्गत 'झूला' एक उपशाखा है।—महाकवि सूर्यमल कृत वशभास्कर, भाग १, सम्पादक प० रामकर्णजी आसोपा, प्रताप प्रेस, जोधपुर, स० १९५६, पृ. ८४।

सायाजी की जीवनी नही लिखी जा सकती। सबंधित इतिहास-ग्रथो में प्राप्त सायाजी सबधी प्रासगिक सूचनाओ और जनश्रुतियो द्वारा ही सायाजी का जीवन-परिचय प्राप्त किया जा सकता है।

राजस्थानी साहित्य सबधी इतिहास-ग्रंथो मे सायाजी की जीवनी के विषय मे यही ज्ञात होता है कि "सायाजी झूला खाप (शाखा) के चारण और ईडर राज्य के लीलछा गाव के निवासी स्वामीदास[1] के द्वितीय पुत्र थे। इनका जन्म स० १६३२ मे और देहात स० १७०३ मे हुआ था। ईडर नरेश राव कल्याण-मल[2] इनके आश्रयदाता थे जिन्होने इनको एक लाख-पसाव[3] और कुवावा नामक ग्राम प्रदान किया था।"[4]

"...इनके बडे भाई का नाम भायाजी था। इनके गुरु कोई महन्त गोविन्ददासजी[5] थे। ईडर के राव वीरमदेव और उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके छोटे भाई राव कल्याणमल इनके आश्रयदाता रहे थे। वीरमदेव ने इनको एक लाख-पसाव दिया तथा कल्याणमलजी ने भी एक लाख-पसाव तथा कुवावा नामक एक गाँव इनको प्रदान किया था। यह इनाम इनको सवत्

---

[1] लीळछा नामक गांव गुर्जरेश्वर सिद्धराज जयसिह ने चारण कवि आलाजी झूला को प्रदान किया था और सायाजी के पिता स्वामीदास आलाजी की नवीं पीढ़ी में उत्पन्न हुए थे। स्वामीदासजी सरल स्वभाव के उदार वृत्ति वाले और भगवान शकर के अनन्य भक्त थे—राज्य कवि हमीरदानजी, नागदमण की भूमिका पृ० १।२। सोलकी सिद्धराज जयसिह का शासनकाल वि स ११५० से वि स. ११९९ तक माना जाता है। फार्वस कृत रासमाला, श्री गोपालनारायणजी बहुरा एम ए. कृत हिन्दी अनुवाद और सम्पादन, भाग १ पूर्वार्द्ध, पृ. ७६। —स०

[2] राव कल्याणमल के पूर्व इनके अग्रज राव वीरमदे भी सायाजी के आश्रयदाता थे जिन्होने सर्व प्रथम सायाजी को अपने दरबार में सम्मानित कर लाख-पसाव दिया था। दृष्टव्य रासमाला, श्री गोपालनारायणजी बहुरा कृत हिन्दी अनुवाद और सम्पादन भाग १, पूर्वार्द्ध, प्रकरण आठवां। —स०

[3] राजस्थान में शासको की ओर से कवियों को लाख-पसाव, करोड-पसाव और अरब-पसाव प्रदान कर सम्मानित करने की प्रथा थी। लाख पसाव, करोड-पसाव और अरब-पसाव के रूप में कवियो को क्रमश: लाख, करोड़ और अरब रुपए की सम्पत्ति भेंट की जाती थी। पसाव शब्द प्रसाद (स०) का अपभ्रंश है। —स०

[4] राजस्थानी भाषा और साहित्य, ले० श्री मोतीलालजी मेनारिया, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग द्वितीय सस्करण स० २००८ पृ० स. १७५।१७६।

[5] गोविन्ददासजी निरजनी सम्प्रदाय के प्रवर्तक हरिदासजी के शिष्य थे। निरजनी सम्प्रदाय का प्रधान केन्द्र टीडवाना (जोधपुर) के निकट गाढा नामक स्थान है जहां पर प्रतिवर्ष फाल्गुन शुक्ला १ से १२ तक मेला भरता है।—सं०

१६६१ मे मिला, जब वे 'नागदमण' और 'रुपमणी-हरण' नामक काव्यो की रचना कर चुके थे ।"[1]

फार्व्स कृत रास-माला से महात्मा सायाजी के विषय मे कतिपय उपयोगी सूचनाएँ उपलब्ध होती हैं ।[2] रास-माला मे प्रकट किया गया है कि राव वीरमदेव ईडर के परम वीर और दानी राजा थे । वीरमदे ने एक वार नटुवा और जाल्हार नामक दो घोड़े चालीस हजार रुपये मे मोल लिये ।[3] राव ने दशहरा-महोत्सव के अवसर पर अपना प्रसिद्ध घोडा जाल्हार सायाजी गढवी[4] को दान मे दिया और अपनी पीथापुर की वाघेली राणी से इसके विषय मे अनेक बार कहा । इस पर रानी ने उत्तर दिया—'आप एक टट्टू का दान कर मुझे बार-बार क्यो कहते हैं ?' ऐसा सुन कर राव क्रोधित हो गया और उसने कहा—'तुम्हारे पिता ऐसा घोडा चारण को दान मे देंगे तब मैं तुम्हारे महल मे आऊँगा ।' राव ऐसा कह कर वाघेली राणी के महल से निकल आया और राणी प्रात काल ही रथ जुतवा कर अपने पीहर के लिए रवाना हो गई । पीहर पहुँच कर वाघेली ने अपने पिता से समस्त वृत्तान्त कह सुनाया । वाघेला राजा ने चारो ओर अपने आदमी भेज कर जाल्हार जैसे अच्छे घोडे की खोज करवाई किन्तु सफलता नही मिली । तदुपरान्त वाघेला राजा स्वय सायाजी के यहाँ पहुँचा । वाघेला ने युक्तिपूर्वक सायाजी को प्रसन्न किया और वे मुंह माँगा मोल

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य, ले० श्रीहीरालालजी माहेश्वरी, आधुनिक पुस्तक-भवन, ३०-३१ कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता, पृ १७७ ।

[2] हिन्दी-अनुवाद और सम्पादन श्रीगोपालनारायणजी वहुरा, एम ए, मङ्गल-प्रकाशन, जयपुर, भाग २, प्रकरण आठवां ।

[3] रासमाला के गुजराती अनुवादक ने घोड़ों का मोल छत्तीस हजार रुपये लिखा है और नागदमण के सम्पादक श्री हमीरदानजी ने केवल जल्हार घोडे का मूल्य वाइस हजार वताया है। नागदमण, प्रका राज्यकवि लाखाजी कानजी, दिलखुशाल वाग, पालणपुर (उ गु.) ।

[4] क. गढ़वी शब्द चारण का पर्याय है। राजस्थानी सबद-कोस, कर्ता श्रीसीतारामजी लाळस, राजस्थानी शोध-सस्थान, चोपासनी, जोधपुर, पृ. ६७५ ।

ख. वीरा रस तणो न भावै वरणण,
नह भावै मोनू जस-गीत ।
गरज नहीं म्हारै गीतांरी,
गढ़वा ! काय सुणावै गीत ॥

—वांकीदासजीरी ख्यात, सं. श्रीनरोत्तमदासजी स्वामी, राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, पृ २१६ ।

चुका कर जाल्हार घोडा ले आये। छ माह घोडे को अपने यहाँ रख कर वाघेला राजा ने पुन सायाजी को जाल्हार घोडा प्रदान कर दिया। राव वीरमदे यह समाचार जान कर वहुत प्रसन्न हुए और स्वय पीथापुर पहुँचे। वीरमदे अपने श्वसुर की प्रशसा करते हुए वाघेली रानी के साथ पुन. ईडर लौट आये।

थोडे समय के पश्चात् सायाजी ने जाल्हार घोड़ा ब्रह्मखेड के सरदार मालजी के यहाँ रक्खा। मालजी ने उस घोड़े पर सवारी कर तरसगमा के राणा के विरुद्ध युद्ध किया जिसमे घोड़ा घायल हो गया और घावो की पीडा से मर गया। कहते है कि श्रीकृष्ण के अतिरिक्त किसी अन्य चरित्र पर काव्य नही लिखने की आन रखने वाले सायांजी ने घोडे की मृत्यु पर मरसिया लिखे।

राव वीरमदे का इसी तरह का विवाद एक बार उनकी रामपुरा की चन्द्रावती रानी से दशहरा-उत्सव पर वीरमदे द्वारा मारे गये भैसे के विपय मे हो गया। चन्द्रावती रानी ने कहा कि वीरमदे द्वारा मारा गया भैसा ऐसा प्रवल नही था कि जिसका कोई वखान किया जावे। वीरमदे ने कहा—'तुम कोई प्रवल भैंसा वताओगी तव तुम्हारे महल मे आऊँगा।' चन्द्रावती ने अपने पीहर पहुँच कर एक जगली भैसे को खिला-पिला कर पुप्ट करना प्रारम्भ किया और रावजी को दीपावलि पर रामपुरा आने का निमन्त्रण दिया।

वीरमदे दीपावलि पर रामपुरा पहुँचे। रामपुरा के एक चारण का ईडर मे कभी अपमान हो गया था इसलिए उस चारण ने वीरमदे के मार्ग मे उस तैयार किये हुए प्रवल जगली भैसे को छोड़ दिया। वीरमदे ने वीरतापूर्वक उस भैसे को मार डाला। साथ ही वूदी वालो से युद्ध कर रामपुरा वालो की जमीन पुन. रामपुरा वालो को दिलवा दी। वूदी वालो ने रामपुरा की जमीन पर वल-पूर्वक अधिकार कर लिया था। इस अवसर पर पुन वीरमदे ने सायाजी को एक लाख-पसाव प्रदान किया।

राव वीरमदे की मृत्यु के पश्चात इनके लघु भ्राता कल्याणमल ईडर के शासक हुए। इनके समय मे सायाजी ने अपने गाँव कुवावा मे एक दुर्ग वनाने का विचार किया। सायाजी का दुर्ग वनवाना राव कल्याणमल को उचित नही प्रतीत हुआ।

सायाजी ने अपने ज्योतिपी को कह रक्खा था कि वह सायाजी का अन्त-काल निकट होने पर उनको सूचित कर दे जिससे वे तीर्थ-स्थान पर जा कर देह-त्याग कर सकें। राव कल्याणमल ने उस ज्योतिपी से मिल कर सायाजी

को उनका अन्तकाल सूचित करवा दिया। सायांजी ज्योतिषी के कथनानुसार व्रज मे पहुँचे और उन्होने वहाँ श्रीनाथजी के मन्दिर मे तेरह सेर सोने की थाली भेंट की।[१] तदुपरान्त सायाजी काशी पहुँचे। वहाँ दस वर्ष रहने के उपरान्त वे वहुत रुग्ण हुए और उन्हे अपना अन्त समय निकट ज्ञात हुआ तो उन्होने पत्र लिख कर ईडर के राव से मिलने की इच्छा प्रकट की। पत्र प्राप्त कर ईडर के राव काशी के लिए रवाना हो गये किन्तु काशी से एक पडाव दूर रहने पर ही सायांजी का देहान्त हो गया।[२] राव गङ्गा-स्नान कर उदयपुर होता हुआ ईडर लौट आया और अपने साथ गढवी गोपालदास[3] को लेता आया। राव ने थँरसण और रामपुर नामक गाँव गोपालदास को दिये।

महात्मा सायाजी एक कुशल कवि होने के साथ ही अपने समय के लोकप्रिय भगवद्भक्त थे। ऐसे सन्त-महात्माओ के विपय मे लौकिक-अलौकिक घटनाओ से युक्त जनश्रुतियाँ प्रचलित हो जाती हैं और महात्मा सायाजी भी इस विपय मे अपवाद नही हैं। ऐसी जनश्रुतियो से सम्वन्धित चरित्र का जनता पर चमत्कारपूर्ण प्रभाव ज्ञात होता है और इनके विशेप अध्ययन से जीवन-सम्बन्धी वास्तविकता का ज्ञान भी प्राप्त होता है।

चारण कवि महात्मा सायाजी के सम्वन्ध मे कतिपय जनश्रुतियाँ निम्नलिखित हैं—

सायाजी के पिता स्वामिदासजी थे। प्रारभ मे स्वामिदासजी के कोई सन्तान नही थीं इसलिये वे वहुत उदास रहते थे। स्वामिदासजी भगवान शिव के अनन्य भक्त थे इसलिये अपने गाँव लीलछा के समीप ही प्रतिष्ठित भुवनेश्वर महादेव के दर्शनार्थ जाया करते थे। एक समय की वात है कि स्वामिदासजी शिवरात्रि के अवसर पर पूजादि कर्म से निवृत्त हो कर शिवालय मे ही सोये

---

[१] नागदमण के सम्पादक राज्य कवि श्रीहमीरदानजी ने तेरह सेर सोने की थाली उदयपुर के निकट नाथद्वारा में श्रीनाथजी को अर्पित करने का उल्लेख किया है। साथ ही नाथद्वारा में महाराणा जगतसिंह को चमत्कार वताने का उल्लेख किया है। (भूमिका पृ ३७-४०)। वास्तव में तव तक न तो नाथद्वारा वसा था और न मेवाड मे श्रीनाथजी की प्रतिमा ही प्रतिष्ठित हुई थी। मेवाड में श्रीनाथजी की प्रतिमा महाराणा राजसिंह प्रथम के शासनकाल में वि. सं १७२८ में प्रतिष्ठित हुई थी।

[२] नागदमण के सम्पादक श्रीहमीरदानजी ने सायाजी का मथुरा के समीप यमुना में जलसमाधि लेने का उल्लेख किया है। भूमिका पृ ४७।

[3] गढवी गोपालदास सिंढायच उदयपुर-महाराणा जगतसिंह के सभाकवि थे। नागदमण, भूमिका पृ. ५०।

हुए थे। इतने मे शिवमूर्ति मे से तेज का बिंव प्रकट हुआ और स्वामिदासजी के नेत्र खुल गये। तेजबिंब मे से भगवान शकर ने प्रकट हो कर स्वामिदासजी को आज्ञा की "मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हू। इच्छित वर मागो।" स्वामिदासजी को सम्पूर्ण दृश्य स्वप्नवत ज्ञात हुआ। स्वामिदासजी ने निवेदन किया "मुझे परमानन्द-रूप आपकी सेवा के अतिरिक्त किसी वस्तु की कामना नही है किन्तु परलोक की सिद्धि के लिये पुत्र की आकाक्षा अवश्य है।"

कहते है कि भगवान शकर ने स्वामिदासजी को दो पुत्रो का वरदान दिया जिसके अनुसार उनके वि० स० १६२४ मे भायाजी और वि० स० १६३२ मे सायाजी नामक पुत्र हुए।

× × ×

सायाजी की बाल-लीला के विषय मे एक जनश्रुति इस प्रकार है कि एक समय मे सायाजी अपने बाल-सखाओ के साथ लीलछा गाव से थोडी दूर आम्र-वृक्षो की सघन छाया मे विश्राम कर रहे थे। इसी समय सामने के पेड पर बैठे हुए एक बन्दर ने सायाजी के समीप दो फल गिराये। फल गिराते ही वह बन्दर वनस्थली मे अतर्धान हो गया। सायाजी ने अपने मित्रो से इन फलो का नाम पूछा किन्तु कोई नही बता सका। सायाजी ने फल काट कर अपने सखाओ मे वितरित किये और स्वय भी उनका स्वाद लिया। ऐसे मधुर फलो का स्वाद पहले किसी ने नही लिया था। कहते हैं कि स्वय हनुमानजी ने प्रसादरूप मे उक्त फल सायाजी को प्रदान किये थे।

× × ×

किसी समय सायाजी अपने बाल-मित्रो के साथ भुवनेश्वर महादेव के दर्शनार्थ जा रहे थे। मार्ग मे सायाजी को पेडो पर पके हुए आम मिले। कुछ पके हुए आम सायाजी ने महादेव की भेट के लिये अपने साथ ले लिये। जाते हुए आगे एक योगीराज मिले। सायाजी ने श्रद्धापूर्वक योगीराज के आगे नमन किया और आम के फल उन्हें समर्पित कर दिये। योगीराज ने प्रसन्नतापूर्वक सायाजी को आशीर्वाद दिया और स्थूल दृष्टि से अदृश्य हो गये। कहा जाता है कि योगीराज स्वय भुवनेश्वर महादेव थे।

× × ×

सायाजी के पिता स्वामिदासजी का देहान्त हो गया तो थोड़े दिन पश्चात् भायाजी उदासमना ईडर के लिये रवाना हुए। इस समय सायाजी की अवस्था केवल बारह वर्ष की थी। सायाजी ईडर के मार्ग में छायादार वृक्षो के मध्य एक वापिका के समीप विश्राम हेतु ठहरे। तदुपरान्त वापिका मे उतरे और ठडा

पानी पी कर पानी के किनारे ही लेट गये। कहते हैं कि तब स्वय भगवान श्री कृष्ण ने उन्हे दर्शन दिये और हरिदासजी के शिष्य गोविन्ददासजी के आशीर्वाद की प्राप्ति तथा रुक्मिणीहरण एव नागदमण काव्यो के निर्माण का वरदान दिया।

इसी समय जमादार सुलेमान भीलोडा से ईडर जाते हुए अपने आदमियो के साथ विश्राम के लिये वापिका के समीप रुके। सुलेमान का एक सेवक वापिका मे जल लेने उतरा तो उसने देखा कि एक सर्प सायांजी के मुह पर अपने फण की छाया किये हुए है। सेवक ने तुरन्त ही यह दृश्य सुलेमान को ला कर वताया। सुलेमान वापिका मे उतरा तब सर्प अदृश्य हो गया। सुलेमान ने सायाजी के समीप पहुँच कर विचार किया कि शारीरिक लक्षणो को देखते हुए अवश्य ही यह सोया हुआ व्यक्ति होनहार है किन्तु कारणवश दुखी है। सुलेमान ने सायाजी के दाये पैर की ओर देखा तो पैर मे ६ अगुलिया दिखाई दी। सुलेमान ने समझा कि यह ६ठवी अगुली ही इस व्यक्ति के दुख का कारण है। ऐसा विचार कर सुलेमान ने अपनी तलवार से तुरन्त ही वार कर ६ठवी अगुली को काट दिया। अगुली पर प्रहार होते हो सायाजी उठ खडे हुए। सुलेमान ने आश्वासन देते हुए सायाजी का प्राथमिक उपचार किया और उन्हे घोडे पर बैठा कर अपने साथ ले लिया। सुलेमान ने ईडर पहुँच कर सायाजी के निवास, भोजन और शिक्षण का प्रबन्ध किया। ईडर मे ही सायाजी का गोविन्ददासजी से साक्षात्कार हुआ तब प्रीतिपूर्वक गोविन्ददासजी ने सायांजी को अपना शिष्य वना लिया।

× × ×

एक समय सायाजी ईडर के समीप पहाडो मे भ्रमण कर रहे थे। इस समय एक गाय चर रही थी जिस पर अचानक एक बाघ ने आक्रमण किया। सायाजी ने उस बाघ की ओर लपक कर कहा "दूर गधा"। सायाजी के साथियो ने देखा कि वाघ तुरन्त गधा बन गया और गाय को छोड कर भाग गया।

× × ×

सायांजी सम्बन्धी एक घटना इस प्रकार कही जाती है कि एक दिन सायाजी सूर्योदय के समय ईडर के तालाब पर स्नानादि हेतु गये हुए थे। सायाजी के पानी मे उतरने पर एक मगर उनके पैरो से लग कर पानी की सतह पर आया। सायाजी ने अञ्जली मे जल भर कर मगर की ओर फेंका। मगर जल के छीटे लगते ही यक्ष के रूप मे खडा हुआ और कहने लगा—"महाराज ! मैं आपके चरणस्पर्श और आशीर्वाद से शापमुक्त हो कर अब पुन स्वर्ग मे जा रहा हूँ।"

× × ×

नागदमण और रुक्मिणी-हरण काव्यो की रचना से प्रसन्न हो कर कहते हैं कि भगवान ने एक साढनी (ऊटनी) पर लदवा कर स्वर्ण-मुद्राए सायाजी के पास कुवावा गाव मे भेजी । मुद्राओ के साथ प्राप्त होने वाले पत्र मे लिखा हुआ था—"नागदमण और रुक्मिणी-हरण की रचना से हम वहुत प्रसन्न हुए हैं । वर्ण-धर्म को देखते हुए आप चारण और मैं क्षत्रिय हू इसलिये आपका दान लेने का और मेरा दान देने का अधिकार है । द्वारिका से रणछोड़ की सही ।" पत्र पढ कर कहते हैं सायाजी ने यह दूहा लिखा—

दिये तो घर बेठा दिये, न दिये पोकारे ।
ढाहर उभी आगणे, काना टवारे ।।

अर्थात् ईश्वर देता है तो घर बैठे हुए को भी देता है, मागने पर नही देता है । (ईश्वर की कृपा होने पर मुहरो से लदी हुई) ऊटनी आगन मे खड़ी हो कर कान फडफडाती है ।

कहते हैं कि इसी द्रव्य से सायाजी ने कुवावा गाव मे दुर्ग, गोपीनाथजी का मन्दिर और ऊटनी के आ कर ठहरने के स्थान पर एक कुआ वनवाया एव अन्य सत्कार्य किये ।

× × ×

एक समय की घटना है कि सायाजी सायङ्काल राव कल्याणमल के दरबार मे बैठे हुए थे । सायाजी वैठे-वैठे अचानक ही अपने हाथो से इस प्रकार की क्रिया करने लगे मानो किसी के वस्त्रो मे लगी हुई आग वुझाने का प्रयत्न करते हो । थोडी देर पश्चात् सायाजी शान्त हुए तो दरबारियो ने देखा कि सायाजी के हाथों मे जलने के चिन्ह बन गये हैं । राव कल्याणमल ने आग्रहपूर्वक सायाजी से इस घटना का कारण पूछा तो सायाजी ने कहा "द्वारिका मे पुजारी के हाथ मे रही हुई आरती से भगवान रणछोड के वस्त्रो मे आग लग गई जिसको वुझाते हुए मेरे हाथो में जलने के निशान हो गये हैं ।"

राव कल्याणमल को सायाजी के उक्त कथन से आश्चर्य हुआ और उन्होने अपने विश्वस्त दरवारी चादोजी राठौड को तथ्यान्वेषण हेतु द्वारिका भेजा । चादोजी को द्वारिका के रणछोड-मन्दिर मे यह जान कर परम आश्चर्य हुआ कि "सायाजी तो नियमित रूप से सायङ्काल-आरती के दर्शन हेतु मन्दिर मे आते हैं और रणछोडजी की पोषाक मे आग लगने पर सायाजी ने ही उसको प्रयत्नपूर्वक वुझाया था ।" इसी दिन सायङ्काल आरती के समय चादोजी ने सायाजी को मूर्ति के दर्शन करते हुए और अदृश्य होते हुए भी देख लिया । चादोजी ने लौट कर राव कल्याणमल को समस्त घटना का विवरण सुनाया और आश्चर्यचकित किया ।

× × ×

सायाजी वृद्धावस्था मे अपनी अर्द्धाङ्गिनी सुहागणबाई के साथ दानादि के लिये सवा लाख रुपये लेकर तीर्थयात्रा हेतु गये, जिसके विषय मे यह दूहा प्रसिद्ध है—

साथ सवागण[1] सूँ चले, के दडे भूपाळ ।
सवा लाख ले साइड़ो, गो गोकुळ तज बाळ ॥

सायाजी ने श्रीनाथजी के मन्दिर मे पहुँच कर तेरह सेर सोने का थाल भेट करने का संकल्प किया और जोधपुर-नरेश महाराजा गजसिंह को सोने का थाल बनवा भेजने के लिये लिखा—

गजसिंघ अनेरां ठक्करां, बीजां बात विहामणो ।
चाहिजे थाल चूंदाहरा, तेर सेर सोना तणो ॥

महाराजा गजसिंह ने, कहा जाता है कि, तुरन्त ही तेरह सेर सोने का थाल बनवा कर सायांजी के पास भिजवा दिया । सायांजी ने वह थाल प्रसन्नतापूर्वक श्रीनाथजी के मन्दिर मे समर्पित कर दिया ।

× × ×

तीर्थों मे भ्रमण करते हुए सायाजी को अपने अन्त समय का ज्ञान हुआ तो उन्होने ईडर के राव कल्याणमल से मिलना चाहा । सायाजी ने एक गीत राव कल्याणमल के नाम लिख कर, कहते हैं कि, सूर्य की ओर उछाल दिया । सूर्य ब्राह्मण का रूप धारण कर तुरन्त ही राव कल्याणमल के दरबार मे पहुँचा और सायांजी का गीत रावजी को प्रस्तुत किया । गीत इस प्रकार है—

आखे सूरहो सदेस अमेणो,
व्रज आयां पयम वळिये ।
सामे त्रियो सेर सामळियो,
मळे तो मयुरा मळिये ॥ १

अकळ नहि कांई अठे अणगमो,
दकळ नहि कांई दरियो ।
गग-सनान करण गाढां गर,
आवे जो ईडरियो ॥ २

रयण समो भ्रम सरस अठेरव,
अळगो घणो अमांणो ।
गरवर भेट्या तणी गोरधन,
कहज्यो करे कल्याणो ॥ ३

---

[1] 'सवागण' से तात्पर्य सुहागिन भी है ।

सायाजी ने अनेक प्रकार के दान-पुण्यादि कार्य सम्पादित कर वि० सं० १७०३ की श्रावण शुक्ला २ को प्रातःकाल अपनी विवाहिता सुहागणबाई के साथ जल-समाधि ली ।[1]

इस प्रकार ज्ञात होता है कि सायाजी चारणकुल मे उत्पन्न एक कुशल कवि, परम परिश्रमी, विद्यावान्, धार्मिक, उदार, दानी, दयालु, भगवद्भक्त और सिद्ध महात्मा थे । सायाजी का प्रभाव उनके समय मे ही जनता पर इतना व्यापक हो गया था कि वे एक चमत्कारी चारण कवि और महात्मा के रूप मे प्रसिद्ध हो गये । एक निर्धन परिवार मे जन्म लेकर भी सायाजी अपनी काव्य-प्रतिभा, भगवद्भक्ति और उदारता के बल पर ही अनेक शासको के पूज्य बन गये । वे झोपडी मे जन्म लेकर भी अपने कार्य-कौशल से दुर्ग के निर्माता हुए, भक्ति मे ऐसे महान् हुए कि स्वयं भगवान् भी उनके भक्त माने गये, वे ऐसे निडर और स्वाभिमानी थे कि शासकों से लाखो रुपयो की संपत्ति स्वीकार करते हुए भी उन्होंने भगवान् श्री कृष्ण का ही गुणगान किया । सायाजी ऐसे दानी हुए कि अपने जीवन मे सञ्चित सवा लाख रुपयो का त्याग करते हुए उन्हें कोई संकोच नही हुआ और दान देने के लिए ही आजीवन दान ग्रहण करते रहे ।

सायांजी झूला की रचनाएं

भक्त कवि सायाजी झूला की काव्यात्मक रचनाए मुख्यत दो हैं — नाग-दमण और रुखमणी-हरण । उनकी कतिपय स्फुट-पद्य रचनायें भी बताई जाती हैं । यथा—

> अपणा हुआ और, मनरा मेळू माढ़वा ।
> ओ दुख आरो पोर, चुभै पल-पल सायोड़ा ॥ १
>
> हिवाड़ा वाळी हूक, कै कांना किण नै कहां ।
> काळे म्हारी कूक, कहै न सुणी सांयोडा ॥ २[2]

---

[1] नागदमण, स० श्री हमीरदानजी देथा, प्रकाशक-राज्य-कवि लाखाजी कानजी, दिल-खुशाल बाग, पालणपुर (उ. गु.), भूमिका ।

[2] अपने मन के मित्र और प्रेमी पराये हो गये । सायांजी कहते है कि यह दु:ख पल-पल आर-पार चुभता है ।

हे कृष्ण ! तुम ही बताओ, अपने हृदय का दु:ख किसको कहा जावे ? सायांजी कहते हैं कि हे स्याम ! मेरी दुख-भरी पुकार कष्टदायक है जो न कही जा सकती है, न सुनी जा सकती है ।

—श्री हनुवंतसिंह देवड़ा, सयुक्त राजस्थान, अगस्त १९५६, सार्वजनिक सम्पर्क कार्यालय, जयपुर ।

गीत

अध आध नमेक म थायेस अळगो,
माहव हुतो मूझ मुख।
सुख सांभर ते सरागम सुख,
दुख सांभळे त दुःख॥ १

बीठल अध खण रखे वीसरे,
समपण मुकतीज भगतीज सरा।
जोवन जप्यां भामणै जोवम,
जुरा जपै वलिहार जुरा॥ २

किसन अमार कणे कज करवो,
संसारीक कथीर सीलो।
भज न ऊचा ऊचा कुळ भामी,
भज न नीच कुळ नीच भलो॥ ३

साक पाक तो नाम सखधर,
मायाजाळ कंटाल मडो।
राग मिल्यां हरि वडो राग-रस,
वैराग मिलै तो वैराग वडो॥ ४[1]

नागदमण और रुखमणी-हरण दोनो ही काव्य राजस्थानी भाषा मे हैं और कृष्णाख्यान पर अधारित हैं। नागदमण मे श्रीकृष्ण की मुख्यतः बाल-लीला कालिय-दमन का और रुखमणी-हरण मे प्रसङ्गानुसार समस्त बाल-लीलाओ के सक्षिप्त वर्णन के साथ रुक्मिणी-हरण-प्रसङ्ग का काव्यात्मक निरूपण हुआ है।

---

[1] अर्थात् हे माधव ! तेरा नाम मेरे मुंह से आधे निमिष के लिए भी दूर न हो। सुख और दुःख जो सुने जाते हैं, वे मेरे लिए समान हैं।

हे बिट्ठल ! तू आधे क्षण के लिए भी मुझे मत भुलाना। तू वास्तव में भक्ति और मुक्ति का दाता है। युवावस्था में मैंने स्त्री के यौवन का ही जप किया। अब वृद्धावस्था में तेरा स्मरण कर बलिहारी होता हू।

हे कृष्ण ! मैं सांसारिक जीवन में रह कर कथीर के समान शिथिल हो गया हूं, अथवा ससार मेरे लिए कथीर तुल्य है इसलिए अब मुझे स्वर्ण के समान बना दे ! हे स्वामी ! यदि नीच कुल में जन्म लेकर भी भजन किया जावे तो वह श्रेष्ठ हो जाता है और उच्च कुल में जन्म लेकर भजन नहीं करने से वह उत्तम गति नहीं प्राप्त कर सकता।

हे शङ्खधारी ! तेरा नाम ही पवित्र है। इस ससार में कटीला माया-जाल है। हरि राग में मिले तो बड़ा राग-रस है अथवा हे हरि ! तुम्हारी कृपा से राग-रस मिले तो राग-रस बड़ा है और वैराग्य मिले तो वैराग्य बड़ा है।

—श्री सावलदानजी आशिया, कड़िया के सग्रह से प्राप्त।

नागदमण और रुक्मिणी-हरण के विषय मे आलोचकों के मत परस्पर विरोधी है। अधिकाश आलोचको ने "रुखमणी-हरण" से नागदमण को श्रेष्ठ माना है—

"'रुषमणी-हरण' एक साधारण श्रेणी का वर्णनात्मक ग्रन्थ है। सायांजी का दूसरा ग्रथ 'नागदमण' है।... ग्रन्थ मे विषयों के वर्णन की जो शैली कवि ने अपनाई है, उससे इसकी विशेषता अधिक बढ गई है। कवि ने कृष्ण की बाल-लीला का वर्णन, नागणी के साथ संवाद तथा कालियमर्दन का सजीव चित्रण उपस्थित किया है। ग्रन्थ की भाषा प्रसादगुणयुक्त तो है ही तथापि विषया-नुरूप वात्सल्य, माधुर्य, ओज, भय, विस्मय आदि भावो की सुन्दर अभिव्यक्ति के कारण उसमे विशेष रस-प्रवाह हो गया है।"[1]

"'रुषमणी-हरण' मे काव्यत्व का कही पता भी नही है। यह एक बहुत साधारण श्रेणी का वर्णनात्मक ग्रन्थ है। 'रुपमणी-हरण' की अपेक्षा सायांजो का 'नागदमण' पर्याप्त सजीव और पुष्टता लिए हुए है।.. इसमें कृष्ण की किशोरा-वस्था, यशोदा के वात्सल्य, गोपियो के प्रेम और कृष्ण-कालिय-युद्ध का चित्रोपम वर्णन है। डिंगल की प्रासादिकता और ओज का यह ग्रथ एक अच्छा नमूना है।"[2]

"नागदमण' का विशेष महत्त्व उसके वर्णनो और सवादो के कारण है। ये बहुत ही पुष्ट और सजीव बन पड़े हैं। वर्णन ऐसे है कि जिनसे सारा का सारा दृश्य अपने आस-पास के वातावरण के साथ साकार हो जाता है। इसी प्रकार सवादो मे, विशेषतया नागणी और कृष्ण के सवादो मे माधुर्य, वात्सल्य, आश्चर्य, भय, उत्साह आदि भावो का एक साथ सुन्दर सामञ्जस्य मिलता है। वे बड़े फबते हुए और उपयुक्त हैं। सरल वर्णन और सुन्दर सम्वाद एक-दूसरे के साथ गुथ कर पाठक की उत्कंठा बढाते हैं और जिज्ञासा उत्पन्न करते है। ××× रुषमणी-हरण वीर-रसपूर्ण एक वर्णनात्मक काव्य है, ...गौण रूप से वीभत्स रस का वर्णन भी मिलता है। इसमे रसानुकूल शब्द-योजना और चित्रमय वर्णन स्थान-स्थान पर पाये जाते हैं। 'नागदमण' की भाँति 'हरण' मे भी सवाद और विविध वर्णनो के प्रसग प्रमुख हैं।"[3]

---

[1] श्री सीतारामजी लाळस, राजस्थानी-शब्द कोष, भाग १, राजस्थानी शोध-सस्थान, जोधपुर, भूमिका पृ० १४४।

[2] श्री मोतीलालजी मेनारिया, राजस्थानी भाषा और साहित्य, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, पृ० स० १३३।

[3] डॉ० हीरालालजी माहेश्वरी, राजस्थानी भाषा और साहित्य, आधुनिक पुस्तक-भवन, ३०-३१ कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता ७, पृ० १७८, १८२।

"यह (रुक्मिणी हरण) और वेलि दोनों ग्रथ एक साथ बादशाह अकबर को निरीक्षणार्थ भेजे गये। बादशाह ने पहले वेलि को सुन कर हरण को सुना। अन्त मे हरण की रचना को श्रेष्ठतर निर्णीत करके श्लेष और व्यग्य मे पृथ्वीराज से कहा 'पृथ्वीराज तुम्हारी वेलि को चारण बावा की हरिणियाँ चर गई।'"[1]

इस प्रकार 'रुखमणी-हरण' एक ओर तो अकबर सम्बन्धी प्रवाद के अनुसार महाराज पृथ्वीराज कृत 'वेलि क्रिसन रुखमणी री' से भी श्रेष्ठ कहा गया और दूसरी ओर विद्वानों ने इसे एक सामान्य वर्णनात्मक कृति माना। हमारे ग्रन्थ-भण्डारो मे सायाजी कृत 'रुखमणी-हरण' की प्रतियां बहुत कम मिलती हैं इसलिए आलोचको की धारणाएँ इस विषय मे स्पष्ट नही हो सकी।

'नागदमण' का प्रचार राजस्थान और गुजरात मे अधिक रहा है। इसकी अनेक प्रतियां यहा के ग्रन्थ-भडारो मे मिलती हैं और इसका प्रकाशन भी बहुत पहले हो चुका है।[2]

'नागदमण' और 'रुक्मिणी हरण' एक ही कवि की कृतिया हैं तथा दोनो मे कवि को समान रूप मे सफलता प्राप्त हुई है। 'नागदमण' मे वात्सल्य, माधुर्य, भय, उत्साह और वीरता का सुन्दर समन्वय हुआ है। कवि को प्रकृति-चित्रण करते हुए पृष्ठभूमि मे काव्य के अनुकूल वातावरण प्रस्तुत करने मे विशेष सफलता मिली है। इसमे सवादो और उक्तियो की छटा भी प्रभावशालिनी है।

रुषमणी - हरण

'रुखमणी-हरण' का मुख्य आधार-ग्रन्थ श्रीमद्भागवत महापुराण है। इसके दशम स्कध मे ५२ वें से ५५ वे अध्याय पर्यन्त रुक्मिणी-हरण का प्रसग है। श्रीमद्भागवत के उक्त अध्याय ही सायाजी झूला और 'रुक्मिणी-हरण' विषयक रचना करने वाले अन्य कवियो के मूलाधार रहे है।

यद्यपि रुक्मिणी-हरण का प्रसङ्ग श्रीविष्णुपुराण और श्रीहरिवशपुराण में भी वर्णित है किन्तु इनमे श्रीमद्भागवत जैसा कथा-विस्तार और पूर्णता नही है।[3] भागवत्कार ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का राक्षस-विवाह होने की ओर संकेत मात्र किया है[4] किन्तु विष्णुपुराण में इसको स्पष्ट रूपेण राक्षस-विवाह कहा गया है—

---

[1] वेलि क्रिसन रुक्मिणीरी, सम्पा० डॉ० आनन्दप्रकाशजी दीक्षित, विश्वविद्यालय-प्रकाशन, गोरखपुर, उद्धरण, भूमिका पृ० ३५।

[2] सम्पादक श्री हमीरदानजी मोतीसर, पालणपुर, सन् १९३३ ई०।

[3] विष्णुपुराण, अश ५, अध्याय ३८; हरिवशपुराण, अध्याय ५९, ६०।

[4] दशम स्कध, अध्याय ५२, श्लो० १८।

निर्जित्य रुक्मिणं सम्यगुपयेमे स रुक्मिणीम् ।
राक्षसेन विवाहेन सम्प्राप्तां मधुसूदनः ॥

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी-विवाह-प्रसग में शृङ्गार, भक्ति और वीरता सम्बन्धी अनेक मार्मिक भावो का समावेश हुआ है अतएव इस प्रसङ्ग के आधार पर विभिन्न भाषाओ मे अनेक रचनाएँ हुईं।

राजस्थानी भाषा मे भी रुक्मिणी-हरण-प्रसङ्ग के आधार पर अनेक कवियो ने अपनी रचनाएँ की जिनमें निम्नलिखित विशेष उल्लेखनीय है—

१ किसनजी री वेल, कर्त्ता— करमसी सांखला, र का स० १६३४ से पूर्व ।
२ वेलि क्रिसन रुकमणी री, कर्त्ता— राठौड़ पृथ्वीराज, र. का. स० १६३७-४४ ।
३ रुषमणी हरण, कर्त्ता— सायांजी भूला (सं. १६३२-१७०३) ।
४ रुक्मिणी-मगल, कर्त्ता— पद्म भक्त, लगभग १६०० वि० ।
५ रुक्मिणी-हरण, कर्त्ता— विट्ठलदास, देवीदास आदि ।

करमसी सांखला कृत 'किसनजी री वेल' २२ द्वालो को एक छोटी रचना है। इसकी एक प्राचीन प्रति वैशाख शुक्ला ३ स० १६३४ की उपलब्ध हो चुकी है।[1] इस वेल में प्रधानत. रुक्मिणी के शारीरिक सौन्दर्य और शृङ्गार का वर्णन है। इन छन्दो में कथावस्तु का विस्तार नही है किन्तु इनका प्रभाव पृथ्वीराज राठौड़ कृत 'वेलि' पर भी लक्षित होता है।[2] करमसी की 'वेल' अपने उक्ति-वैचित्र्य, अलङ्कार-सौन्दर्य और छन्द-सौष्ठव की दृष्टि से परवर्ती रचनाओं के लिए प्रेरक रही है ।

महाराज पृथ्वीराज राठौड़ कृत 'वेलि क्रिसन रुकमणी री' एक उत्कृष्ट राजस्थानी काव्य-कृति है। इसकी कथावस्तु में क्रमश. मङ्गलाचरण, कवि का असामर्थ्य, कथा की महत्ता, रुक्मिणी के बाल-रूप, वय.सन्धि वर्णन, रुक्मैया द्वारा शिशुपाल को रुक्मिणी के विवाह हेतु लग्नपत्रिका भेजना, रुक्मिणी की विकल दशा और श्रीकृष्ण को पति रूप मे वरण करने की कामना से ब्राह्मण द्वारा श्रीकृष्ण को पत्र भेजना, श्रीकृष्ण का यथासमय कुन्दनपुर पहुँच कर रुक्मिणी का हरण करना, युद्ध-वर्णन, श्रीकृष्ण की विजय, द्वारका में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का विवाह, श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का विवाहोपरान्त मिलन, षट् ऋतु-वर्णन, प्रद्युम्न-जन्म और वेलि का माहात्म्य-वर्णन है। पृथ्वीराज कृत 'वेलि' मे शृङ्गार,

---

[1] अनूप संस्कृत-पुस्तकालय, बीकानेर, प्रति स० ६६ ।

[2] राजस्थानी भाषा और साहित्य, डॉ० हीरालालजी माहेश्वरी, आधुनिक पुस्तक भवन, ३०-३१, कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता ७, पृ० १६३-६५ ।

भक्ति और वीरता का उक्त अनेक प्रसङ्गो मे सजीव चित्रण हुआ है। साथ ही कवि ने अपनी अनूठी कल्पनाओ के प्रयोग से सम्पूर्ण कथा मे अनुपम भाव-सौन्दर्य की सृष्टि की है। 'वेलि' मे अलङ्कार-सौन्दर्य, प्रकृति-वर्णन मे नवीन उद्भावनाए और भाषा का लालित्य अन्य राजस्थानी काव्यो की अपेक्षा अधिक है।

पद्मभक्त रचित रुक्मिणी-मगल की प्राचीनतम प्रति स० १६६६ फाल्गुन कृष्णा १० की लिखित मानी गई है[1] जिससे इसकी रचना स० १६०० के लगभग अनुमानित की गई है।[2] रुक्मिणी-मङ्गल राजस्थान और गुजरात की जनता में गेय रूप मे भी प्रचलित है। गेय होने से इसमें परिवर्तन और परिवर्द्धन भी होते रहे। श्रीमद्भागवत और मङ्गल की कथा मे कतिपय अन्तर भी है। यथा—शिशुपाल की बरात आने पर रुक्मिणी श्रीकृष्ण के पास ब्राह्मण के द्वारा पत्र भेजती है, रुक्मिणी के माता-पिता उससे सहमत हैं, कृष्ण कुन्दनपुर रवाना होते समय श्री बलदेव को भी तैयारी के साथ आने हेतु सूचित करते हैं और कृष्ण-रुक्मिणी का विवाह कुन्दनपुर में ही होता है, आदि। मङ्गल में राजस्थान की ग्राम्य सस्कृति का चित्रण अधिक है।

विट्ठलदास कृत 'रुखमणी हरण' के कथानक मे विशेष अन्तर यह है कि राजा भीष्मक स्वय ब्राह्मण को बुला कर श्रीकृष्ण को आमन्त्रित करने हेतु द्वारका भेजते है और शिशुपाल की सेना मे असुरो और म्लेच्छो के दल भी सम्मिलित होते है।

'रुषमणी-हरण' की कथा

कवि ने प्रारम्भ मे मगलाचरण देते हुए ही अपनी काव्य-प्रतिभा का परिचय दे दिया है (छन्द सं० १-३)।

कवि ने अपने काव्य-रूपक को भव-सागर तैरने हेतु 'तुवा-जाली' कहा है। कवि भक्त के नाते ईश्वर से प्रार्थना करता है कि अन्य कवियो ने तो शब्द रूपी जहाजो का आश्रय लेकर भवसागर पार किया किन्तु उसने एक तुवा-जाली का ही निर्माण किया है। ईश्वर समुद्र मे डाले गये पत्थरो को तैराने और उस पर से सेना पार उतारने मे समर्थ है तो 'तुवे' पर बैठे हुए को वह कैसे नही तारेगा? इस प्रकार कवि ने प्रारंभ मे ही अपनी विनम्रता, उक्ति-वैचित्र्य,

---

[1] डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, राजस्थानी भाषा और साहित्य, आधुनिक पुस्तक भवन, ३०-३१, कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता-७, पृ० २१०-२११।

[2] क श्रीयुत मनोहरजी शर्मा, पद्म भक्त का जनकाव्य रुक्मिणी-मंगल, राजस्थान साहित्य, उदयपुर, सितम्बर, १९५३, पृ० ५। ख. प्रकाशित—राजस्थानी साहित्य समिति, बिसाऊ।

मार्मिक व्यंजना एव काव्यगत कौशल का परिचय देते हुए सच्चे भक्त के नाते ईश्वर के प्रति अपना अधिकार प्रकट करते हुए विश्वासपूर्वक लिखा है—'तुवे वेठां केम न तारे ?'

आगे 'रुषमणी-हरण' के छन्द-संख्या ५ से ५१ तक श्रीकृष्ण-चरित्र का समावेश है। कवि ने राजा भीष्मक और रुक्मैया के सवाद मे श्रीकृष्ण के प्रति अनूठे भाव व्यक्त किए हैं। कवि ने अपनी ओर से श्रीकृष्ण को उपालंभ न देते हुए रुक्मैया द्वारा 'खरी-खोटी' सुनाई है। इस प्रकार कवि ने अपनी भक्ति की एक विचित्रता प्रकट की है।

वेलि-कर्त्ता महाराज पृथ्वीराज और सायांजी की काव्य-रचना में उद्देश्य-भिन्नता स्पष्ट ही दृष्टिगोचर होती है। वेलिकार का ध्यान मुख्यतः शृगार की ओर है किन्तु सायांजी का लक्ष्य श्रीकृष्ण-चरित्र-निरूपण तथा वीर-रस की अभिव्यक्ति है। पृथ्वीराज ने अपनी वेलि मे निहित शृङ्गार की ओर स्पष्ट ही सङ्केत किया है—

सुकदेव व्यास जैदेव सारिखा,
सुकवि अनेक ते एक सन्थ।
श्री-वरणण पहिलौ कीजै तिणि,
गूंथियै जेणि सिंगार-ग्रन्थ॥ ८

सायांजी ने रुक्मैया के शब्दो मे श्रीकृष्ण-लीला का वर्णन करते हुए श्री कृष्ण की आलोचना भी की है (छन्द सं० ७-८ आदि)।

कवि को इस विषय में प्रसग भी सर्वथा अनुकूल प्राप्त हुआ है क्योकि रुक्मैया श्रीकृष्ण का कृष्ण-पक्ष बता कर उनसे रुक्मिणी का विवाह नही करने के लिए अपने पिता को सहमत करना चाहता है और पिता श्रीकृष्ण की प्रशंसा करते हुए रुक्मैया को समझाना चाहते हैं :

कविवर सायांजी ने प्रस्तुत काव्य मे श्रीकृष्ण की अनेक लीलाओ का निरूपण किया है। यथा—

पूतनावध – छन्द सं० ६,
चीर-हरण-लीला – छन्द सं० ९,
दानलीला – छन्द स० १०,
ओखल-वन्धन – छन्द सं० १७,
नागदमन – छन्द स० १९,
गोवर्द्धन धारण – छन्द सं० ३६।

श्रीकृष्ण के परब्रह्म त्रिष्णु-रूप को ओर सकेत करते हुए कवि ने सागर-मन्थन और लक्ष्मी-वरण का भी उल्लेख किया है (छन्द स० ३६) ।

इसी प्रकार कवि ने राम और कृष्ण की एकता भी युग के अनुकूल अनूठे रूप में प्रतिपादित की है (छन्द स० ४०) ।

कवि ने राजा भीष्मक के शब्दो मे तीनो लोको को पवित्र करने वाली गगा और नर्मदा का अवतरण भी श्रीकृष्ण के चरणो से बताया है—

कुवर त्रीलोक जे गग पावन करे।
नरबुदा एहीजरा चरणसू नीसरे ॥ ४६

रुक्मैया राजा भीष्मक की ऐसी बातो की ओर ध्यान नही देता हुआ रुक्मिणी के विवाह हेतु शिशुपाल को लग्नपत्रिका प्रेषित कर देता है (छन्द स० ५२) । आगे कवि ने शिशुपाल द्वारा विवाह हेतु प्रस्थान करते समय के और मार्ग के अपशकुनो का वर्णन किया है (छन्द स० ५३ से ६२) जिससे प्रकट है कि कवि को शकुनशास्त्र का विशेष ज्ञान था ।

तदुपरान्त कवि ने रुक्मिणी की विपन्नावस्था बताते हुए रुक्मिणी की ओर से ब्राह्मण द्वारा श्रीकृष्ण को पत्रिका भेजने का वर्णन किया है (छन्द स० ६३ से ६६) ।

श्रीकृष्ण रुक्मिणी के पत्र में 'निमषरो विलबरो नाथ अवसर नथी' पढते ही रथ मगवा कर कुन्दनपुर की ओर चल दिये (छन्द स० ७७) । ब्राह्मण का श्रीकृष्ण सहित आगमन जान कर रुक्मिणी प्रसन्न हुई । रुक्मिणी ने लक्ष्मी के रूप में ब्राह्मण के आगे नमन किया तो ब्राह्मण को किस बात की कमी हो सकती थी (छन्द स० ७८–८०) ।

बलदेव को श्रीकृष्ण के जाने की सूचना मिली तो वे पूर्ण सैनिक तैयारी के साथ श्रीकृष्ण की सहायता हेतु पहुँचे । थोडे समय के लिए भी अलग नही होने वाले हलधर और गिरिधर कुन्दनपुर मे मिले तथा इनका आगमन सुन कर राजा भीष्मक को प्रसन्नता हुई (छन्द स० ८१ से ६०) ।

आगे कवि ने श्रीकृष्ण के कुन्दनपुर मे स्वागत-सत्कार और विभिन्न पक्षो की चित्तवृत्तियो का वर्णन किया है । कुन्दनपुर मे एक रुक्मैया के विना सभी श्रीकृष्ण के आगमन से प्रसन्न हुए और उनके दर्शन हेतु लालायित हुए (छन्द स० ६१) ।

श्रीकृष्ण के स्वागत मे सज्जनो के मुख 'राजीव जिम सरद रत्त' के रूप मे विकसित हो गये और कृष्ण-रुक्मिणी-परिणय की कामना हेतु अपने सुकृत

अर्पित करने लगे (छन्द स० ६३)। राजा भीष्मक ने श्रीकृष्ण को भक्तिपूर्वक सात खण्डे महल मे ठहराया (छन्द स० ६८)।

इस अवसर पर शिशुपाल भी अपने सहयोगी राजाओ और सैनिको सहित रुक्मिणी से विवाह करने हेतु पहुच जाता है। 'कन्या हेक नै वर दोय चटीया कडे।' के कारण दोनो पक्षों की ओर से युद्ध की तैयारी होती है क्योंकि अब युद्ध अवश्यभावी हो चुका है।

रुक्मिणी अपनो सहेलियो के साथ अम्बिका-पूजन के लिए जाती है तो शिशुपाल और जरासन्ध पूर्ण सावधानी से रुक्मिणी की रत्न के समान रक्षा का प्रबन्ध करते हैं (छन्द स० १०६)।

रुक्मिणी ने ज्योही अम्बिका का पूजन कर श्रीकृष्ण की प्रतीक्षा की तो आकाश-मार्ग से श्रीकृष्ण ने पहुँच कर रुक्मिणी को अपने रथ मे बैठा लिया और समस्त सैनिक मूच्छित हो गये (छन्द स० ११६)।

रुक्मिणी-हरण का एक प्रमुख अंग युद्ध-वर्णन है। श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर ज्योही शङ्ख-नाद किया, समस्त सैनिक लडने हेतु उद्यत हो गये (छन्द स० १२०-१२२)

कविवर सायांजी भक्त होने के साथ ही एक कुशल योद्धा भी थे इसलिये 'रुषमणी-हरण' मे मध्यकालीन भारतीय युद्ध-पद्धति का विस्तृत एव यथार्थ वर्णन उपलब्ध होता है (छ सं १२३-१९४)। युद्ध-वर्णन प्रस्तुत काव्य का एक प्रमुख और महत्त्वपूर्ण भाग है जिससे काव्य वीर-रस-प्रधान हो गया है। इस युद्ध-वर्णन के अन्तर्गत शत्रु-सेना के युद्ध-प्रयाण का, विभिन्न प्रकार के मध्य-कालीन आयुधो का, विविध वाहनो का, वीरो के सिंहनाद का, कायरो की भाग-दौड और घायलो की कराहट का हृदय-स्पर्शी चित्रण है।

सेना-प्रयाण से आकाश-मण्डल धूल से आच्छादित हो गया जिसका वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है—

चक्कवे-चक्कवी पूर रयणी चिया।
गेहणी छोड भरयार दूरें गिया।।
मैण पुड ऊपडो वेह वेहां मली।
आपरां बछांने ना उलखें अनली।। १३०

युद्ध सम्बन्धी वाद्यो की गर्जना और आयुधो का प्रभाव कवि ने इन शब्दों मे व्यक्त किया है—

सद डवर घुतणा रणतूर भेरू ब्रहे।
साल ले रवदां पाच सववां वहे।।
खेलरी नीध्रसण ढीकलीरा होआ।
साल कीया सवद सुण थांट आगण सोहा।। १५०

गाज त्रवाल पड रोल गैंणाइयां ।
सालुले सिंधुयें राग सरणाइयां ।।
कूव ग्या कायरां वाजती काहली ।
वीर आकासमां सूरमां वलकुली ।। १५१

× × ×

धरण-पुड ऊपडी देष मातो धमस ।
आतस वाजीयां माझीयां उकरस ।।
वहें जत्रवाण चंद्रवांण छूटे वला ।
काट भूडड कोडड कर तडला ।। १५४

युद्ध मे श्रीकृष्ण द्वारा किये गये शस्त्र-प्रहार और उसके प्रभाव का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है—

मोषीया वांण सधाण मधुसूदने ।
विसनर धडहडयो जाण धडे वने ।।
झाझा नामी चकर सीस लागा झडण ।
पतर भर जोगणी रगत लागी पीयण ।। १७३
डहडहे डाक होय हाक होकारवण ।
धाय घूमें घुलें भडे भाजण घडण ।।
विसनरा चक्र पडे सर वेरीया ।
दडदडे झाल पष कोरणे कोरियां ।। १७४

श्रीकृष्ण और बलदेव के सामने युद्ध मे शिशुपाल, जरासध और रुक्मैया तीनो ही पराजित हुए। श्रीकृष्ण ने रुक्मैया को बाध लिया किन्तु फिर रुक्मिणी के निवेदन पर उसको मारने का विचार छोड दिया। इस विषय मे कवि ने लिखा है—

भई भगवांनरे वात मनभावती ।
जोवीयो श्रीकिसन सांमुहो जूवती ।।
ताप छोडो प्रभू वीर वहीवा तणो ।
घरा-घर लोक उपहास करसी घणो ।। १८३
तिका आ रुकमणी एम कहसी त्रीया ।
काल कूल वध मारावतो छाकीया ।।
पथ पत-मात पीहर तणो पालसी ।
सासरे मेंहणा सोकरा सालसी ।। १८४

रुक्मिणी के ऐसे वचनो का श्रवण कर श्रीकृष्ण ने रुक्मैया को उसकी आधी मूछ और मस्तक मुण्डित करवा कर मुक्त कर दिया। तदुपरान्त कवि ने युद्ध-स्थल मे प्रवाहित होने वाली लोहू की धाराओ, हाथियो, घोडो और

योद्धाओ की कटी हुई लोथों पलचरो की प्रसन्नता आदि का वर्णन करते हुए श्रीकृष्ण की विजय का उल्लेख इस प्रकार किया है—

नरदले असपती गजपती नरपती।
दुलहणी लावीओ जीप धारामती॥
किसन कारज वने पंथ हेकण कीया।
सेसचो भार उतार आंणी सीया॥ १९४

यहा द्रष्टव्य है कि कवि ने श्रीकृष्ण को पूर्णब्रह्म परमेश्वर और दुष्टो का विनाश कर पृथ्वी का भार उतारने वाला लिखा है एव रुक्मिणी को सीता अथवा लक्ष्मी कहा है।

कवि ने आगे श्रीकृष्ण के रुक्मिणी सहित द्वारिका लौटने, द्वारिका को सजावट और जनता द्वारा किये गये उनके स्वागत का चित्रण किया है—

गाजीया वाजत रन नगारा गडगडो।
चाह वीवाह वहू प्रज ओटे चडी॥
चव्रचे नव्रचे चाहीया चोहटा।
घूघटी अंवरे जाण बाराह घटा॥ १९६
कागरे-कांगरे मोर कगावीया।
पाट पाटवरें हाट पेहरावीया॥
मालीए मालीए हीर हाटक मणी।
जालीए जालीए नगररी जोपणी॥ १९७

तदुपरान्त कवि ने ज्योतिषियो द्वारा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह को लग्न-वेला निश्चित करने, श्रीकृष्ण के वस्त्राभूषणो द्वारा सज्जित होने और विधि-पूर्वक विवाह होने का वर्णन किया है (छन्द सं० २०३-२१४)। कवि ने विवाह-वर्णन के पश्चात् श्रीकृष्ण-रुक्मिणी की रति-क्रीडा के विषय में यही लिख कर मौन धारण कर लिया है—

रुक्मणी किसनरे रग पूगी रयण।
रग-रस कहत जो सेस देतो रसण॥ २१५

कवि ने काव्य को पूर्ण करते समय श्रीकृष्ण की राज्य-सभा का वर्णन करते हुए उनक महानता, उदारता, कलाप्रियता, न्याय-भावना और गुण-ग्राहकता की ओर भी सकेत किया है—

सूण हव हेक नारद मल सारदा।
नाव अहिलाद पेहलाद सो नारदा॥
गंधर्वा चारण भाट मोटा गुणी।
चोज रूपकरी राग री चाहणी॥ २१८

× × ×

तेथ भेला चरे सिंह सूरही तटा ।
सींह नें बाकरी मीनडी सूवटा ॥
तेथ वरणा वरण सरस वसूदेव तण ।
मांडीयो त्याग द्वारामती महमहण ॥ २२०

कवि ने मंगल-कामना करते हुए काव्य को पूर्ण किया है ।

'रुषमणी-हरण' का काव्य-रूप

भारतीय काव्य-शास्त्रीय परम्परा मे काव्य के श्रव्य और दृश्य नामक दो भेद किये गये हैं । इनमें से श्रव्य-काव्य के पद्य, गद्य और मिश्र नामक उपभेद हैं तथा पद्य के महाकाव्य, खण्डकाव्य और मुक्तक नामक तीन रूप हैं ।

आचार्य विश्वनाथ ने खण्डकाव्य की विशेषता प्रदर्शित करते हुए लिखा है—

खण्डकाव्य भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च ।

अर्थात् काव्य के एक अश का अनुसरण करने वाला खण्डकाव्य होता है ।[1]

'रुषमणी-हरण' में महाकाव्य के लक्षणो मे से केवल निम्नलिखित लक्षण मिलते हैं—

१. नायक श्रीकृष्ण पूर्णब्रह्म परमेश्वर हैं एव नायकोचित गुणो से सम्पन्न हैं ।
२. 'रुषमणी-हरण' में वीर-रस प्रमुख है । काव्य का मध्य भाग युद्ध-वर्णन से सम्बद्ध है । प्रारम्भ मे युद्ध की भूमिका और अन्त में युद्ध का परिणाम दिखाया गया है । शान्त एव शृङ्गारादि अन्य रसो का समावेश सहायक रूप मे हुआ है । इस काव्य की शैली अलकृत है ।
३. काव्य का नामकरण काव्यगत कथावस्तु एवं प्रधान घटना रुक्मिणी-हरण के आधार पर हुआ है ।
४. काव्य मे एक ही प्रकार के छन्द का प्राधान्य है ।
५ काव्य के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण, वस्तुनिर्देश और आशीर्वचन हैं तथा काव्य में सज्जन-स्तुति और खलनिन्दा का भी समावेश हुआ है ।
६ काव्यवस्तु लोक-प्रसिद्ध और सज्जनाश्रित है ।
७. रुक्मिणी-हरण में मन्त्रणा, सन्देश, सेना, नगर, युद्ध, यात्रा, विवाह आदि का वर्णन है ।
८. रुक्मिणी-हरण धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष-प्राप्ति की दृष्टि से रचित है ।

महाकाव्यगत उक्त प्रकार की विशेषताए होते हुए भी हरण मे एक बडी कमी है कि यह सर्गबन्ध नही है और न इसमें महाकाव्य जैसा कथा-विस्तार ही

---

[1] साहित्य-दर्पण, षष्ठ परिच्छेद, श्लो० ३२९ ।

है। अतएव आचार्य विश्वनाथ के बताए हुए लक्षणों के अनुसार उस कृति को खण्डकाव्य कहना उचित होगा।

'रुक्मणी-हरण' का रस-निरूपण

हमारी काव्य-शास्त्रीय परम्परा मे रस-वादियों ने रस को काव्य की आत्मा कहा है—'वाक्य रसात्मक काव्य।'[1] रस की निष्पत्ति आचार्य भरत के मतानुसार विभाव, अनुभाव और सञ्चारी भावो के सयोग से होती है—'विभावानुभावसचारीसयोगाद्रसनिष्पत्ति।'[2] हरण मे वीर-रस का प्राधान्य है। इसके कर्ता एक चारण कवि थे जिससे काव्य में वीर-रस होना सर्वथा उचित है।

वीर-रस की निष्पत्ति युद्ध, दया, धर्म और दानादि कार्यों में अत्यधिक उत्साह होने पर मानी गई है। वीर-रस के आलम्बन नायक, शत्रु, याचक और दीन है, उद्दीपन विभाव शत्रु का प्रभाव, शक्ति, अहकार, याचक की दीन-दशादि; अनुभाव—स्थैर्य, रोमाञ्च, सत्कार आदि; सञ्चारी भाव—गर्व, धृति, तर्क, स्मृति, हर्ष, दया, आवेगादि और इसका स्थायी भाव उत्साह है।

'हरण' का वीर-रस वास्तव में युद्ध विषयक है जिसके आलम्बन शिशुपाल, रुक्मैया और जरासिन्धादि शत्रु; उद्दीपन इन शत्रुओ की शक्ति, अहंकार और ललकार; अनुभाव श्रीकृष्ण बलदेवादि की युद्ध मे स्थिरता और रोमाञ्चादि तथा सञ्चारी भाव युद्ध मे विभिन्न योद्धाओ का गर्व, धृति, तर्क और आवेग आदि है जिनका निरूपण काव्य मे यथास्थान सफलतापूर्वक हुआ है।

शान्त, शृगार और वीभत्सादि रसो का भी कतिपय स्थलो मे वर्णन हुआ है। 'हरण' के कर्ता एक सिद्ध महात्मा माने गये हैं जिनकी दास्य भक्ति का निरूपण मुख्यत काव्य के प्रारम्भ और अन्त में हुआ है। काव्य का मङ्गलाचरण, कृष्ण-चरित्र-निरूपण और उपसहार भक्ति एव शान्त रस के उत्तम उदाहरण हैं।

'हरण' काव्य में श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का वर्णन है इसलिये शृंगार-वर्णन का कवि के लिये पर्याप्त अवसर था किन्तु कवि ने रुक्मिणी के बालरूप वर्णन, वय सन्धिवर्णन, शृगार-वर्णन, सयोग, षट्ऋतु-वर्णन को छोड दिया है। सम्बन्धित कथानक में शृगार-रस के अनुकूल अनेक तत्व उपलब्ध हैं किन्तु कवि ने इनकी ओर आँख उठा कर भी नही देखा है। सयोग-शृगार के वर्णन मे कवि ने यही लिख कर सन्तोष प्रकट किया है—

---

[1] विश्वनाथ, साहित्यदर्पण, १–३।

[2] नाट्य-शास्त्र, ६–३२।

कवण कव सकत रसण हेकण कहे।
लेहणो गेहणो तास लषमी लहे॥
रुषमणी किसनरे रग पूगी रयण।
रग-रस कहत जो सेस देतो रसण॥[1]

महाकवि पृथ्वीराज राठौड ने इसी कथानक के आधार पर स्वरचित 'श्री किसन रुकमणी री वेलि' में मर्यादित शृङ्गार का कलात्मक और चमत्कारिक निरूपण किया है। वेलि मे रुक्मिणी के वालरूप, वयःसन्धि, सोलह शृगार तथा सुरतांत वर्णनो के साथ ही षट्ऋतु वर्णन और प्रद्युम्न-जन्म आदि का वर्णन काव्यकला को दृष्टि से पूर्ण रोचक है। इसके विपरीत युद्ध-वर्णन मे जैसी पूर्णता और विस्तार 'हरण' की है, उसका 'वेलि' मे अभाव है। वेलि मे शृगार, शान्त और वीर रसो की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है तो 'हरण' मे शान्त और वीर-रस का सफल समन्वय हुआ है।

शान्त रस के अन्तर्गत 'हरण' मे कवि का भक्ति-स्वरूप निराला ही है क्योकि इसमे दास्य-भक्तिजनित विनम्रता, वालरूप-चित्रण और माधुर्य के साथ ही कृष्ण की कटु आलोचना का भी समावेश हुआ है।

अलकार और छन्द

'रुषमणी-हरण' के कर्ता सायाजी मे कविजनोचित सस्कार मूलतः वर्तमान थे। परिणामस्वरूप काव्य का एक भी छन्द ऐसा नही जो किसी न किसी रूप मे अलंकृत नही हुआ हो। अनुप्रास, श्लेष, यमक और रूपकादि सामान्य प्रचलित अलकार तो इस काव्य मे यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होते ही हैं किन्तु मध्यकालीन राजस्थानी काव्य मे प्रचलित 'वैणसगाई' अलकार का निर्वाह प्रायः समस्त छदो मे हुआ है। मध्यकालीन राजस्थानी कवियो की ऐसी मान्यता रही कि 'वैण-सगाई' का निर्वाह होने पर काव्य मे किसी प्रकार का दोष नही रहता—

आवै इण भाषा अमल, वैण सगाई वेस।
दग्घ अगरा वद दुगुणरो, लागै नहँ लवलेस॥

पारस्परिक वैर अथवा दोष मिटाने हेतु परिवारो मे विवाह-सम्बन्ध निश्चित कर लिये जाते थे अर्थात् वाग्दान सम्बन्ध स्थापित किया जाता था। 'वयण सगाई' का अर्थ वाग्दान-सम्बन्ध और वर्ण-सम्बन्ध दोनो से ही है। इस विषय मे लिखा गया है—

---

[1] छद स० २१५, पृ० स० ६५।

वयण-सगाई वेस, मिल्यां सांच दोपण मिटै
किरायक समैं कवेस, थपियो सगपण ऊथपैं ॥
खून किया जाणैं खलक, हाड वैर जो होय।
वैण-सगाई वैण तो, कळपत रहे न कोय ॥
—रघुनाथरूपक गीतां रो

इस प्रकार मध्यकालीन राजस्थानी काव्य मे वयण-सगाई अलकार का निर्वाह छन्द के प्रत्येक चरण मे अनिवार्य हो गया था। इसके अभाव मे प्रचुर मात्रा मे वहुत से काव्य-कला-पूर्ण छन्द भी स्वयं कर्ताओ द्वारा ही नष्ट कर दिये गये। सर्व प्रथम राजस्थानी भापा के समर्थ कवि महाकवि सूर्यमल ने 'वयण-सगाई' के वन्धनो को शिथिल करते हुए लिखा—

वैण-सगाई घाळियां, पेषीजै रस पोस।
वीर हुतासण वोल मे, दीखैं हेक न दास ॥
—वीर सतसई

सूर्यमल का मत था कि वयण-सगाई के प्रयोग से रस का पोपण देखा जाता है किन्तु वीररसपूर्ण काव्य मे कोई दोष नही होता।

वयण-सगाई तीन प्रकार की मानी गई है—

वरण-मित्त जू घरण विध, कवियण तीन कहंत।
आद अधिक समझघ अवर, न्यून अक सो अंत ॥

उत्तम, मध्यम और अधम तीन प्रकार मे उत्तम वैण-सगाई के तीन उप-भेद हैं जिनके उदाहरण रुक्मिणी-हरण में इस प्रकार हैं—

१ आदि मेल – चरण मे प्रथम शव्द के आदि वर्ण की आवृत्ति उसी चरण के अन्तिम शव्द के आदि में हो। यथा—

भल भला राय हर राय कुंअरी भली। २ २[1]
वात वीमाहरी सोछ कीजे वली। ५ ३

२ मध्य मेल – चरण मे प्रथम शव्द के आदि वर्ण की आवृत्ति उसी चरण के अन्तिम शव्द के मध्य मे हो—

वमल पत मात कुल छात जणावियो। १ २
चोहटे चाल च्यु कहू यें राचना। १२ ५

३ अन्त मेल – चरण मे प्रथम शव्द के आदि वर्ण की आवृत्ति उसी चरण के अन्तिम शव्द के अन्त में हो—

---

[1] प्रथम अङ्क छन्द-संख्या के और द्वितीय अङ्क पृष्ठ-संख्या के सूचक हैं।

दूसरा दुरसठ ततकास कीधा तद्दे। २५.६

तवें जरसंघ ससपाल रहें सावतो। १३६ ४३

मध्यम कोटि की वैण-सगाई असमान स्वरो, स्वर और य अथवा व का मेल होने पर कही जाती है जिसके कतिपय उदाहरण इस प्रकार है—

अवर अपरोग थया राजवस एतला। ४ ३

ऊपजे आहीज मत बुधपण आवए। ४.३

ओलपीआ चरण वावरण वेवसा ॥ ५६ १६

अधम कोटि की वैण-सगाई विभिन्न वर्गों जैसे 'ट' वर्ग और 'त' वर्ग अथवा अल्पप्राण और महाप्राण वर्णों का मेल होने पर मानी जाती है। यथा—

तात नें मात वीवाह धड भड टली। ८.४

चोकरा आय कुमेरारा छोडोया। १७ ७

'हरण' के अनेक छन्दो मे 'वैण-सगाई' का निर्वाह नही भी देखा जाता, जिसका कारण यही हो सकता है कि तब तक 'वैण-सगाई' की राजस्थानी काव्य मे विशेपता अवश्य हो गई थी किन्तु उसका निर्वाह अनिवार्य नही हो पाया था।

'हरण' की प्राप्त सभी प्रतियों मे काव्य मे प्रयुक्त प्रमुख छन्द का नाम 'झपताल' मिलता है। झपताल का प्रयोग ३ गाहा चोसर और १ दूहे के पश्चात् अन्त तक हुआ है। ख प्रति के अन्त मे २ कवित्त अधिक हैं। 'झपताल' नामक छन्द का विवरण सुप्रसिद्ध छन्दःशास्त्रीय ग्रन्थ 'छन्द प्रभाकर'[1] नामक ग्रन्थ मे उपलब्ध नही होता। चारण कवि किसनाजी आढा रचित 'रघुवरजस-प्रकास' नामक राजस्थानी काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ मे झंपताल के लक्षण उदाहरण सहित इस प्रकार दिये हैं—

छंद झंपताळ

गुर अत मत चवदह गिणै। भल झपताळी कवि भणै ॥

रघुनाथ जेण रिझावियो। पद उरध तै कवि पाइयो ॥ १८[2]

कवि हरराज कृत 'पिंगलसिरोमणी' नामक राजस्थानी काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ[3] में 'झंपताळ' के निम्नलिखित लक्षण वताये गये हैं—

रिस मेघ मत्त विसामय ताटक रिस फिर रसतय।

झपटाळ झफालिय इण दोय नांमा दाखिय ॥[3]

---

[1] कर्त्ता-श्री जगन्नाथप्रसाद 'भानु', प्रकाशक—भारत जीवन प्रेस, काशी।

[2] सम्पादक—श्री सीताराम लाळस, प्रकाशक—राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर।

[3] संपादक—श्री नारायणसिंह भाटी, प्रकाशक—राजस्थानी शोध सस्थान, चोपासनी, जोधपुर, पृ. ६३.

कालान्तर मे छन्द झपताल चरणान्त मे गुरु सहित १४ चौदह मात्राओं का ही प्रचलित हुआ जैसा कि कविया करणीदानजी कृत 'सूरजप्रकास' से प्रकट होता है—

छंद जात झपताळ

वारियाम चौंड वखांणियै ।
जगजीत भ्रद घर जांणियै ।
असुराण रण जुध अप्पियौ ।
लड़ि फेर मडोवर लियौ ॥ ६८

पह खांनजादा पाछटे ।
इळ नागपुर गढ़ धाछटे ।
जस धरम व्रद भुज छाजिया ।
दनि सात सांसण करि दिया ॥ ६९ ॥[1]

उक्त लक्षण 'हरण' मे प्रयुक्त 'झपताल' मे पूरे नही उतरते । साथ ही प्राचीन प्रतियो में छन्द सम्बन्धी एकरूपता भी नही है। पाठ-सम्पादन की वैज्ञानिक विधि के अनुसार प्राचीन पाठो को विना किसी परिवर्तन के—यथारूप ग्रहण किया गया है । ऐसी अवस्था मे यही सभावना प्रकट की जा सकती है कि 'हरण' में प्रयुक्त छन्द 'झपताल' प्रचलित 'झंपताल' का कोई भेद है अथवा लिपिकारो ने असावधानी रक्खी है । 'क' प्रति के लिपिकर्ता प० कीर्तिकुशल गणि को, जिनका पाठ प्रस्तुत सम्पादन मे मुख्य रूप मे ग्रहण किया गया है, उक्त दोष नही दिया जा सकता क्योकि इनकी लिपि स्पष्ट और कुशल हाथों से लिखित है ।

"रुषमणी-हरण" में संवाद और सूक्तियां

'हरण' मे सवादो और सूक्तियो की छटा अनेक प्रसङ्गो मे विशेष रुचिकर हो गई है । सवादो से सम्बन्धित पात्रो के चरित्र-चित्रण और प्रसङ्ग-निरूपण में चमत्कारपूर्ण स्वाभाविकता का समावेश हो जाता है। प्रस्तुत काव्य मे मुख्यत. निम्नलिखित सवाद दर्शनीय हैं—

१ भीष्मक और रुक्मैया सवाद, छन्द स ३-५१,
२ श्रीकृष्ण और विप्र (सदेशवाहक) सवाद, छन्द सं. ७०-७१,
३ जरासिंध और शिशुपाल सवाद, छन्द सं १३९-१४०, और
४ जरासिंध और बलदेव सवाद, छन्द स. १७६-१७९ ।

---

[1] सम्पादक–श्री सीताराम लाळस, प्रकाशक–राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, भाग १, पृ. २४४।

उक्त संवादो मे भीष्मक-रूक्मैया-सवाद सुविस्तृत है क्योंकि इसमे भीष्मक और रूक्मैया दोनो की दृष्टि से श्रीकृष्ण-चरित्र का विवेचन हुआ है । रुक्मैया कृष्ण को एक सामान्य ग्वाला बताता है और भीष्मक उन्हे पूर्णब्रह्म परमेश्वर मानते है । सुविस्तृत सवाद और विवेचन के उपरान्त भी दोनो व्यक्ति अपने-अपने पक्ष पर ही दृढ रहते हैं जिसके परिणाम स्वरूप काव्य में सघर्ष की नीव पड़ती है । रुक्मैया राजा की इच्छा के विपरीत शिशूपाल को लग्नपत्रिका भेज देता है और राजा अन्त तक श्रीकृष्ण के पक्ष में रहते हैं ।

काव्यगत दूसरा प्रमुख सवाद श्रीकृष्ण और सदेश वाहक विप्र का है (छन्द स ७०-७१) । दो छन्दो के छोटे सवाद मे हो श्रीकृष्ण ने विप्र की कुशल-क्षेम पूछते हुए उसका परिचय प्राप्त कर द्वारिका आने का कारण ज्ञात कर लिया । तोसरा मुख्य सवाद युद्ध-वर्णन के अन्तर्गत जरासघ और शिशुपाल का है (छन्द स १३९-१४०) । इस सवाद मे दोनो ही व्यक्ति एक दूसरे को तत्परतापूर्वक युद्ध करने के लिये कहते हैं । चौथे जरासघ और बलदेव के सवाद (छन्द स. १७६-१७९) में जरासघ की गर्वोक्तियो और बलदेव के तथ्यपूर्ण वचनो का समावेश है ।

काव्यगत अन्य गौण सवादो मे बलदेव-प्रतिहार सवाद (छन्द स ८१-८३) और लग्नवेला निश्चित करने के प्रसङ्ग में वसुदेव-देवकी तथा विप्र का सवाद (छन्द स. २०३-२०५) आदि हैं ।

सवाद-लेखन मे सायाजी पूर्ण कुशल हैं । अनेक बार एक ही छन्द में प्रश्न एव उत्तर का समावेश हुआ है । परिस्थिति और मनोवृत्तियो के अनुकूल सवादो की योजना में कवि को पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है जिससे नाटकीय छटा की झलक अनायास ही मिल जाती है ।

काव्यगत अनेक सूक्तिया सम्वन्धित वातावरण के सर्वथा अनुकूल होती हुई पाठको का ध्यान आकर्पित करने मे सफल हुई हैं । ऐसी सूक्तियो से काव्यगत प्रसङ्ग प्रभावपूर्ण बन गये है । 'हरण' की कतिपय सूक्तिया निम्नलिखित हैं—

१. आगली आषता वाह एणे गली । ७-४
२. हेतरा जुगतसु जगत वैकुठ हुवे । ६७-२२
३. कन्या हेक नें वर दोय चडीया कडे । १०३-३२
४. हरि तणो जाणीयो सोइ आषर हुसे । १०४-३३
५. राषीये रतन जिम जतन कर रुषमणी । १०६-३३
६. चालतो कोट चोफेर लीधो चुणी । ११७-३७

७ कूद ग्या कायरा वाजती काहली । १५१-४७

८. किसन कारज वने पंथ इेकण कीया । १६४-५६ आदि ।

"रुषमणी-हरण" की भाषा-समीक्षा

कृति विशेष की भाषा-समीक्षा में मुख्यतः सम्वन्ध-वोधक कारक-विभक्तियां और क्रियापद सहायक होने हैं। 'हरण' मे मुख्यतः 'रा', 'री', 'रे', और 'रो' सम्वन्ध-वोधक राजस्थानी विभक्तियां प्रयुक्त हुई हैं। यथा—

आपरे (१ १), मातरे (४ ३), वीमाहरी (५.३), नदरे (११ ५), चीररो (११ ५), गालरी (११.५), नदरी (१२ ५), वसूदेवरा (१४.६), पंडरी (१५.६), कुमेररा (१७ ७), जमरावरो (१८.७), आपरो (१८८ ५८), वलदेवरी (१९२.५६), वलदेवरो (१९२.५६), किसनरो (१९२ ५६), लोकरो (२१०.६४), किसनरे (२१५ ६५), रभरा (२१७-६६), रूपकरी (२१८.६६), रागरी (२१८.६६) और लोहरे (२१९.६७) आदि।

कतिपय स्थानो मे राजस्थानी सम्वन्ध-वोधक विभक्तियाँ—तणा, तणी, तणे, तणो, तणौ (<तस्य स.) का भी व्यवहार हुआ है। जैसे—

तणो (३ १), (६.३), (३० १०); तणी (७.४), तणे (९ ४, १८ ७), तणा (९ ४, १० ५), तणौ (३१.११) आदि। साथ ही ची और चो विभक्तियो का भी व्यवहार हुआ है—

तातची (२३.९), सकलची (९२ २९), वलदेवची (९९'३१), लगनचो (१०३.३२), रेवतीचो (१७० ५२) और वदनचो (२१२ ६४), आदि।

चा, ची, चे, चौ आदि सम्वन्ध-वोधक विभक्तियो का व्यवहार मराठी भाषा मे भी होता है। इस विभक्ति का अनेक राजस्थानी काव्यो मे प्रयोग हुआ है। यथा—

वेलि क्रिसन रुक्मिणी री

रामा अवतार नाम ताइ रुषमणि, मान सरोवरि मेरुगिरी
वाळकति करि हंस चौ वाळक, कनकवेलि विहुँ पान किरि ॥ १२ ३

× × ×

हुई हरख घणै सिसुपाळ हालियो, ग्रथे गायौ जेणि गति।
कुण जाणै सँगि हुआ केतला, देस-देस चा देसपति ॥ ३७ ८

× × ×

कमनीय करे कुंकूं चौ निज करि, कलँक धूम काढे वे काट।
सम्प्रति कियौ आप मुख स्यामा, नेत्र तिलक हर तिलक निलाट ॥ ८७ १९

× × ×

सेत्रन्ति नवै प्रति नवा सवे सुख, जग चां मिसि वासी जगति ।
रुपमिणि रमण तणा जु सरद रितु, भुगति रासि निसि दिन भगति ।। २१५-४४[१]

हरिरस

पाप करतो मो मन पापी, ताहरै नाम जाय सह तापी ।
नारायण ! तो सम को नांही, चवदै भुवन हुकम चा माही ।। ११७.४६

× × ×

पहलो नांम प्रमेस रो, जिय जग मडियो जोय ।
तीन भवन चो रज्जियौ, सुफल करेसी सोय ।। १६६-८१[२]

सूरजप्रकाश

तारग मत्र आदेस तो, दिढ चा रग निस संधि दिव ।
सारग नयण उमया सुवर, सीस गग धारग सिव ।। ६-४

× × ×

वय घणस्याम नेत्र दुति वारज, कृत अवतार सुरां चे कारज ।
भ्रम नृप उग्र सनातन धारे, वेद म्रजाद धरम विसतारे ।। ३७.६४[३]

वीर-सतसई

देराणी द्रग गीध रा, जेठ श्रवण सै जोड ।
कोसा चा सुण ढोलडा, ऊठे नीद विछोड ।। ६३.३६
भागो कत लुकाय घण, ले खग आता धाड ।
पहर धणी चा पुंगरण, जीती खोल किंवाड ।। १०६ ५६
भाभी कुल खेती विचा, भय न हुवे धव भग ।
चीत खटक्कै मास चो, कुलटा सौक कुसग ।। १०८.६१
ओरा की फल जागिया, लडणो जाग लकाळ ।
गुडै धणी चा गाजणा, तौ माथै त्रबाळ ।। १२३ ६८[४]

---

[१] राठौड़ पृथ्वीराज (वि.स १६०६–१६४४) कृत, सम्पा० डॉ० आनन्दप्रकाशजी दीक्षित विश्वविद्यालय प्रकाशन, गोरखपुर, १६५३ ई० ।

[२] कर्ता–ईसरदासजी (वि सं. १५६५-१६७६) सम्पा० श्री बद्रीप्रसादजी साकरिया, सादूळ राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर, १६६० ई० ।

[३] कर्ता–कविया करणीदानजी, भाग १, सम्पा० श्री सीतारामजी लाळस, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, १६६१ ।

[४] कर्ता–सूर्यमलजी मिश्रण, सम्पा० डॉ० कन्हैयालालजी सहल और ईश्वरदानजी आशिया, बगाल हिन्दी मण्डल, ८ रायल एक्सचेंज प्लेस, कलकत्ता ।

'हरण' मे प्रयुक्त क्रियापदो के कतिपय उदाहरण इस प्रकार हैं—

जोडिस (२ १), गाइस (१ २), भाषीयो (३ ३), आविश्रो (५ ३), दोडीश्रो (३२ ११), वाचसे, सुणसे (३४.१२), सुणौ (३७.१३), आणी (४० १३), छो (४३ १४), करी (४४ १४), होस्ये (५०.१६), जाइस (६५ २१) छे, पुहचसा, (६६ २१), कहाडीयो (७१ २३), आवीयो (७८, ७९ २५), तेडीया (८४.२७), हूँती (९२ २९), परणज्यो (९३ ३०), दीजीये, लीजीयें (१०१ ३२), हुसे (१०३.३२), हुसे, दीनो (१०४ ३३), देसी (१०७ ३४), आण, हूई (१०८.३४), वांधिश्रा (१०९ ३४), नामीयो (११२.३५), आषोयो (११३ ३५), सचरी (११५.३६), हालियो (११६ ३६), लीधो (११७ ३७), हुओ (११९ ३७), चाल्या (१२२ ३८), रह्यौ (१२५ ३९), हुवै (१२६ ३९), निया (१३० ४०), वालता (१३४.४२), कूद ग्या (१५१ ४७), करसी (१८३ ५६), कहसी (१८४.५७) और पूगी (२१५ ६५)।

रुक्मिणी-हरण मे प्रयुक्त कतिपय सर्वनाम-शब्द निम्नलिखित है—

हूँ (मै, २ १), केम (३ १), मूझ (३.३), तुमे (तुमने, ३ ३), ए (यह, ७ ४), एणें (७ ४), एरां (१० ५), अठे (१२.५), मोनू (१४ ६), येरे (१५ ६) एण (१७.७), जेरे (१८ ७), जेण (१९ ७), एहीजरा (२० ८), तण (उस, २४ ९), जासरे (२८.१०) और थाहरी (३८.१३)।

हरण में प्रयुक्त कतिपय विशेषण शब्द इस प्रकार हैं—

भल (१ १), ऊजली (२.२), चवद (३ ३), घणे (६ ३), साच (६.४), सांमलो (१४ ६), हेक (१५.६), दोय (१९.७), सहि (२० ८), त्री (२१ ८), कोट (करोड, २२ ८), नेअडी (३२ ११), कूड (३३ ११), कोड (३३,११), नेडो (३४ १२), छानू (३७ १२), छेहलो (४१ १४), वेग (५२ १७), हेकला (७१ २३), दूजे (७६ २४) और तीजा (७६ २५)।

'हरण' की भाषा में इस प्रकार 'राजस्थानी' तत्त्वो का आधिक्य है किन्तु गुजराती तत्त्व भी लक्षित होते हैं। यथा—

जेणें (१ १), वत्रीस, तेत्रीसमो (७ ४), एहवो (१७ ७), दीकरा (१९ ७), मूकावीया (२७.१०), केम (३५.१२), थयो (३६.१२), आपीयो (५२.१७) आदि।

इस प्रकार ज्ञात होता है कि 'हरण' की भाषा राजस्थानी है जिसमे गुजराती के मूल रूप भी वर्तमान हैं। आधुनिक गुजराती और राजस्थानी दोनो ही भाषाओं का विकास-क्रम समझने मे 'हरण' की भाषा विशेष सहायक है।

"रुषमणी-हरण" की प्रतियों का परिचय

'रुषमणी-हरण' के सम्पादन मे तीन प्रतियो का प्रयोग हुआ है जिनको क्रमशः 'क', 'ख' और 'ग' नामक सङ्केतो से सम्बोधित किया गया है। इन प्रतियो का परिचय इस प्रकार है—

प्रति क. – राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान के केन्द्रीय जोधपुर-सग्रहालय की प्रति क्रमाङ्क ८७२। लिपिकर्ता प कीर्तिकुशल गणि। लिपि-स्थान–श्रीमानकूआ, कच्छ। लिपिकाल-सवत् १९०४, चैत्र शुक्ला १०, गुरुवार। पत्र सख्या–१२। प्रति पृष्ठ पक्ति सख्या १३। प्रति पक्ति अक्षर सख्या–४५-४८। आकार २३ ८×११ ५ सी एम.। यह प्रति सुवाच्य और सुन्दर लिपि मे एक परम कुशल लिपिकर्ता द्वारा लिखित है। हमारे यहा प्राचीन एव जीर्ण प्रतियो की प्रतिलिपि करने की सुदीर्घ परपरा रही है और यह प्रति भी इसी परपरा की द्योतक है। "यादृश दृष्ट्वा पुस्तक तादृशा मया लिपि कृता" लिखते हुए लिपिकर्ता ने कृति के मूलरूप को सुरक्षित रक्खा है। इस प्रकार यह प्रति सर्वथा विश्वसनीय है और इसको सम्पादन मे प्रमुख स्थान दिया गया है।

प्रति ख – ख प्रति की प्रतिलिपि सेठ श्री सूरजमल जालान पुस्तकालय, कलकत्ता के मत्री मान्यवर श्री रामकृष्णजी सरावगी के सौजन्य से प्राप्त की गई है। यह प्रतिलिपि ठा. भगवतीप्रसादसिंह वीसेन ने राजस्थानी रिसर्च सोसाइटी, कलकत्ता के लिये ता. १९ सितम्बर १९३५ ई० को रामासणी (जोधपुर) के राव हरिदानजी के सग्रह से की थी। इस प्रतिलिपि मे दो-दो चरणो का एक छन्द मानते हुए 'झपतालो' की सख्या ४३० दी गई है। क प्रति के दो-दो चरणो के अनुसार छन्दो की गणना की जावे तो छन्द सख्या ४४१ होती है। इस प्रकार ११ 'झपताल' ख प्रति मे कम है जिनका निर्देश पाठ-सम्पादन के समय यथा-स्थान किया गया है। ख प्रति के अन्त मे २ 'कबत' अधिक है जिन्हें यथा-स्थान प्रकाशित किया गया है। इस प्रतिलिपि मे प्रति का लखन-काल उपलब्ध नही है जिससे ज्ञात होता है कि मूल प्रति मे भी यह अप्राप्त है।

प्रति ग – ग प्रति की प्रतिलिपि मान्यवर श्री अगरचन्दजी नाहटा, अभय जैन ग्रन्थालय, वीकानेर के सौजन्य से प्राप्त हुई है। इस प्रति मे क के अनुसार चार-चार चरणो का एक 'छद झपताल' मानते हुए छन्द-सख्या दी गई है। इस प्रति की छन्द-सख्या २२३ है जिसमे प्रारभिक दूहादि भी सम्मिलित है। क. प्रति मे गाहा चोसर ३+दूहा १+झपताल २२० अर्थात् पूर्ण छद सख्या २२४ है। इस प्रकार ग प्रति मे छन्द कम हैं जिनका सम्पादन के समय यथा स्थान निर्देश कर दिया गया है। इस प्रति मे भी लिपिकाल उपलब्ध नही है।

प्रस्तुत सम्पादन मे उक्त प्रतियो के सम्पूर्ण पाठों और पाठान्तरो को विधिवत् अङ्कित किया गया है। अनेक सम्पादक अपनी इच्छानुसार प्राचीन पाठ में परिवर्तन करते हुए पाठान्तर अत्यल्प और नाम मात्र के लिये देते हैं। इस प्रकार प्राचीन पाठो का मूल रूप प्रकाशित नही हो पाता। प्रस्तुत सम्पादन मे हमने काव्य की उक्त तीनों ही प्रतियो के विभिन्न प्राचीन पाठों को विधिपूर्वक पूर्णरूपेण देते हुए उनके मूल रूप को सुरक्षित रखने का प्रयत्न किया है।

कवि के अपर काव्य 'नाग-दमण' की बीसो ही प्रतियाँ हमारे ग्रन्थ-भण्डारो मे प्राप्त हो जाती है किन्तु 'हरण' की उक्त प्रतियाँ ही प्राप्त हो सकी हैं। स्व. श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई ने अवश्य ही एक प्रति का परिचय *अज्ञात कर्तृक* बताते हुए दिया है।[1]

'हरण' के मूल पाठ का पाठान्तरो सहित सम्पादन और मुद्रण पूर्ण होने पर भी इसकी प्रतियो की प्राप्ति हेतु प्रयत्न होते रहे जिसके परिणाम-स्वरूप एक और प्रति (घ.) प्रतिष्ठान मे उपलब्ध हुई जिसका विवरण इस प्रकार है—

क्रमाङ्क—१९४३४।
लिपिकाल-संवत् १७८८ वर्षे वैसाष वदि ११ दिने बुधवारे।
आकार—२२ ७ × १० सी.एम.।
पत्रसख्या—८।
पक्तिसख्या, प्रति पृष्ठ—१५।
अक्षरसख्या प्रति पक्ति—५६-६०।
आदि—॥र्द०॥ श्रीजानकीवल्लभाय नम· ॥ अथ रुषमणीहरण लिख्यते।

आरजा

भल कवि वाहण भले गुण भरीया। उकति विसेष पार ऊतरिया।
काल्हाही वाल्हा जिण करीया। त्राये आप आपणे तरीया॥ १
सबद जिहाज वैण टकसाली। तरि तरि सुकवि गया तिण ताली।
महण ससार तरिण वनमाली। जोडिस हूई तूवाजाली॥ २
दरीआ ऊपरि पाथर डारै। ऊपरि प्रलव सेन उतारै।
सुवयण किसन तणो मति सारै। तूवै बैठां केम न तारै॥ ३

दूहा

हू गायस रुषमणि हरण। मंगलच्यारि मुकंद।
कुल जादव पूरण कला। प्रगटे परमाणद॥ ४

---

[1] जैन गुर्जर कविओ, भाग ३, पृ. स. २१९५-२१९६।

छद झंफताल

प्रगट थया किसन वेसदेव यादव पिता।
श्रीया रुषमणि हूई राव भीमक सुता।
विमल पित मात कुल छात जाणावीयो।
लार भरतार अवतार लिषमी लीयो ॥ ५

अन्त—

आव तेथें रहे सरस वरणा वरण।
माडीयो त्याग द्वारामती महमहण।
करण लीधो जिही तिमो छसों हठ करी।
साईयें राघीयो त्याग वृजसूदरी ॥ २३ [२२३]

इति रुषमणीहरणं। श्री.। संवत् १७८८ वर्षे वैसाष वदि ११ दिने बुधवारे लिखित प० षुस्यालचद वाचनार्थं। श्री काणाणा ग्रामे। श्रीरस्तु ॥

उक्त चारो ही प्रतियो में पाठ-भिन्नता के कतिपय उदाहरण इस प्रकार हैं—

